वर्ष : 34 ➤ अंक : 8 ➤ पृष्ठ : 8 ➤ मुंबई, रविवार, 16 मार्च 2025 ➤ RNI: MAHHIN/49994/91 ➤ मूल्य : 3 रुपए ➤ epaper.dobajedopahar.com ➤ संपादक : अरुण लाल




ऋतिक रोशन की 'कृष 4' फिर फंसी

पेज - 7

# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



उम्मीद से ज्यादा बढ़ा समुद्र में पानी

पेज - 8

## हिंदी पर हंगामा



### पवन कल्याण और प्रकाश राज भिड़े

विरोध करने वाले तमिल फिल्मों की हिंदी में डबिंग कराते हैं : पवन

अपनी हिंदी हम पर न थोपें, विरोध मातृभाषा को बचाने के लिए : प्रकाश

एजेंसी । चेन्नई

तमिलनाडु में हिंदी को लेकर जारी विवाद में अभिनेता से नेता बने दो दिग्गज भी कूद पड़े हैं। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और अभिनेता पवन कल्याण ने शुक्रवार को तमिलनाडु के नेताओं की आलोचना की और कहा कि वे 'पाखंड कर रहे हैं। इसके जवाब में अभिनेता-राजनेता प्रकाश राज ने शनिवार को पवन की आलोचना की। साथ ही उन पर हिंदी थोपने का आरोप लगाया।

#### दोनों के बीच वार-पलटवार

पवन ने कहा था कि तमिलनाडु के नेता हिंदी का विरोध तो करते हैं, लेकिन वित्तीय लाभ के लिए तमिल फिल्मों को हिंदी में डब करने की अनुमति देते हैं। वे बॉलीवुड से रुपये चाहते हैं, लेकिन हिंदी स्वीकार करने से इनकार करते हैं। यह किस तरह का तर्क है? उन्होंने यह भी कहा कि मुझे समझ में नहीं आता कि कुछ लोग संस्कृत की आलोचना क्यों करते हैं। इसके बाद प्रकाश ने अपनी पोस्ट में लिखा कि यह विरोध किसी दूसरी भाषा से नफरत नहीं है, बल्कि हमारी मातृभाषा और हमारी सांस्कृतिक पहचान को आत्म-सम्मान के साथ बचाने के लिए है। कोई, कृपया पवन कल्याण को यह समझाए। डीएमके नेता टीकेएस एलंगोवन ने भी शनिवार को पवन के बयान पर हमला बोला। कहा कि वह तमिलनाडु की राजनीति नहीं जानते। हम 1938 से हिंदी का विरोध कर रहे हैं।

## औरंगजेब की कब्र पर बढ़ा सियासी संग्राम

शिवसेना और भाजपा फिर आमने-सामने



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के खुल्ताबाद में स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को लेकर राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। शिवसेना (यूबीटी) और सत्तारूढ़ शिवसेना-भाजपा गठबंधन के नेता इस मुद्दे पर आमने-सामने हैं।

### 'औरंगजेब को हराकर यहीं दफनाया गया था'

महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने कहा कि औरंगजेब की कब्र यह साबित करती है कि उसे हराकर यहीं दफनाया गया था। उन्होंने कब्र हटाने की मांग करने वालों को चुनौती देते हुए कहा, ₹अगर हिम्मत है तो जाकर ऐसा करो।₹





### महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र के लिए कोई जगह नहीं : मंत्री शिरसाट

शिवसेना (शिंदे गुट) के मंत्री संजय शिरसाट ने दानवे के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि औरंगजेब की कब्र के लिए महाराष्ट्र में कोई जगह नहीं है। जिसने छत्रपति संभाजी महाराज को यातनाएं देकर मारा, उसकी कब्र यहां नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो लोग औरंगजेब और उसकी कब्र से इतना प्यार करते हैं, वे इसे अपने घर ले जा सकते हैं।

### सीएम फडणवीस का बयान: कानूनी प्रक्रिया का पालन जरूरी

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि, ₹हर कोई चाहता है कि औरंगजेब का मकबरा हटाया जाए, लेकिन इसे कानूनी प्रक्रिया के तहत ही करना होगा।₹ उन्होंने स्पष्ट किया कि पिछली कांग्रेस सरकार ने इस स्थल को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के संरक्षण में रखा था, इसलिए इसे हटाने के लिए कानून के दायरे में रहकर काम करना जरूरी है।



### 17 को विहिप-बजरंग दल का राज्यव्यापी प्रदर्शन

विश्व हिंदू परिषद (VHP) और बजरंग दल ने 17 मार्च को राज्यव्यापी प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। यह प्रदर्शन औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर किया जाएगा। प्रदर्शन के तहत हर जिले में जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन होगा, जहां प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह जानकारी विहिप-बजरंग दल के महाराष्ट्र-गोवा क्षेत्र के समन्वयक विवेक कुलकर्णी ने दी। इस दौरान जिला सहमंत्री शरदराव नागरकर भी मौजूद रहे।

...पेज 3 भी देखें

## मंत्री माणिकराव कोकाटे की सजा स्थगन के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका

● 18 मार्च से होगी सुनवाई

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे को निचली अदालत द्वारा दी गई सजा के स्थगन को चुनौती देते हुए पूर्व न्यायाधीश सतीश वाणी ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस याचिका पर 18 मार्च से सुनवाई शुरू होगी।



### फर्जी दस्तावेजों से लिए थे चार सरकारी फ्लैट

पूर्व न्यायाधीश सतीश वाणी ने मीडिया को बताया कि माणिकराव कोकाटे को निचली अदालत ने जालसाजी का दोषी ठहराया था। अदालत ने उन्हें दो साल के कारावास और 50 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई थी। हालांकि, सजा सुनाए जाने के बाद कोकाटे ने निचली अदालत में स्थगन के लिए याचिका दायर की, जिसे मंजूरी देते हुए अदालत ने उनकी सजा स्थगित कर दी, हालांकि उन्होंने जुर्माने की राशि जमा कर दी है।

मुस्लिम ठेकेदारों को आरक्षण

## भाजपा ने कर्नाटक सरकार को घेरा



● 04 प्रतिशत आरक्षण का किया गया है प्रावधान

एजेंसी । नई दिल्ली

कर्नाटक मंत्रिमंडल ने सरकारी ठेकों में मुस्लिम ठेकेदारों के लिए चार प्रतिशत निविदाएं आरक्षित कर दी हैं। भाजपा ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के इस फैसले को असंवैधानिक करार दिया है।



रविशंकर प्रसाद बोले : कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति से कमजोर होगी राष्ट्रीय एकता

### 'तुष्टिकरण की राजनीति' का आरोप

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने इसे कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति का हिस्सा बताते हुए कहा है कि इससे राष्ट्रीय एकता कमजोर होगी। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व की सहमति के बिना कर्नाटक सरकार इस तरह का फैसला नहीं ले सकती है। उन्होंने राहुल पर आरोप लगाया कि वह विपक्षी दलों के बीच प्रतिस्पर्धात्मक सांप्रदायिक और वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। कहा कि ऐसा निर्णय छोटा लग सकता है, लेकिन इस तरह के घटनाक्रमों के गंभीर राष्ट्रीय परिणाम होते हैं। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि क्या इस तरह की प्रतिस्पर्धी तुष्टीकरण की राजनीति की कोई सीमा है और क्या सिनेमा और रेल टिकट खरीदने के लिए मुसलमानों की अलग कतारें लगेंगी। पूर्व मंत्री ने दावा किया कि ऐसे फैसले उन मुसलमानों की आवाज को भी कमजोर करते हैं जो ऐसी राजनीति के खिलाफ हैं और देश के विकास के लिए खड़े हैं। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान मुसलमानों के लिए अलग व्यवहार की कई मांगों का परिणाम अंततः देश का विभाजन हुआ। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के फैसले को अदालतों में चुनौती दी जाएगी।

### राहुल गांधी की वियतनाम यात्रा पर सवाल

प्रसाद ने राहुल से वियतनाम के प्रति अपने असाधारण लगाव के बारे में बताने को कहा। साथ ही दावा किया कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र की तुलना में उस देश में अधिक समय बिता रहे हैं। कहा, राहुल नए साल पर भी वियतनाम में थे और होली के दौरान भी वहीं थे। उस देश की उनकी बार-बार यात्रा कौतूहल पैदा करने वाली है।

## 2,635 किसानों ने की आत्महत्या

महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या के आंकड़े चिंताजनक : शरद पवार

● केंद्र सरकार से नीति बनाने की मांग

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र में किसानों द्वारा आत्महत्या किए जाने के बढ़ते आंकड़ों पर चिंता जताई है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस संकट के समाधान के लिए ठोस नीति बनाने की अपील की है। महाराष्ट्र सरकार के राहत और पुनर्वास विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, साल 2024 में राज्य में 2,635 किसानों ने आत्महत्या की। इनमें से मराठवाड़ा और विदर्भ के मामले सबसे अधिक हैं।



### शरद पवार ने क्या कहा?

बारामती में पत्रकारों से बातचीत के दौरान पवार ने कहा कि मराठवाड़ा और विदर्भ से जो आंकड़े सामने आए हैं, वे बेहद चिंताजनक हैं। हम भी विभिन्न स्रोतों से सही जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। केंद्र सरकार को किसानों की मदद के लिए ठोस नीति बनानी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तकनीक को जल्द ही गन्ने की खेती में भी शामिल किया जाएगा।

### कृषि में एआई का उपयोग बढ़ाने की योजना

शरद पवार ने बताया कि कई शुगर फैक्ट्रियां एआई तकनीक को अपनाने की योजना बना रही हैं, जिससे खेती की गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक क्रांतिकारी फैसला लिया जाएगा और खेती में एआई का उपयोग शुरू होगा।

### जयंत पाटिल पर क्या कहा ?

एनसीपी (एसपी) के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल के अजित पवार के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल होने की अटकलों पर भी शरद पवार से सवाल किए गए। इस पर उन्होंने कहा कि जयंत पाटिल पहले ही मीडिया में अपनी स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं। गौरतलब है कि जयंत पाटिल ने हाल ही में अपने बयान में कहा था कि ₹मेरे बारे में कुछ भी तय नहीं है,₹ जिसके बाद उनके अजित पवार गुट में शामिल होने की चर्चाएं तेज हो गई थीं। हालांकि, शुक्रवार को उन्होंने शरद पवार से मुलाकात के बाद यह स्पष्ट किया कि उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया।

## शहरी नक्सलवाद के खिलाफ विधेयक पर रार



● सुप्रिया सुले बोलीं- विपक्ष को दबाने की हो रही कोशिश

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले ने महाराष्ट्र में प्रस्तावित 'महाराष्ट्र विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक, 2024' की आलोचना करते हुए इसकी तुलना औपनिवेशिक रॉलेक्ट एक्ट से की है। उन्होंने आशंका जताई है कि यह कानून सरकार की आलोचना करने वाले व्यक्तियों या संगठनों के खिलाफ दुरुपयोग किया जा सकता है।

### क्या है यह विधेयक?

यह विधेयक महाराष्ट्र में नक्सलवाद से निपटने के लिए पहला कानून बनेगा। इसमें गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने के लिए सरकार और पुलिस को विशेष अधिकार दिए जाएंगे। विधेयक के तहत दर्ज सभी अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती होंगे। सुले ने शनिवार को कहा कि इस कानून से नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर खतरा मंडरा सकता है। उन्होंने मांग की कि सरकार विधेयक की समीक्षा करे और सुनिश्चित करे कि यह संवैधानिक मूल्यों का उल्लंघन न करे। उन्होंने आरोप लगाया कि ब्रिटिश शासन के दौरान विरोध को दबाने के लिए रॉलेक्ट एक्ट लाया गया था, और यह विधेयक भी उसी तरह से दमनकारी साबित हो सकता है।

### सरकार का पक्ष

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पिछले साल विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में विधेयक को पुनः पेश करते हुए कहा था कि इसका उद्देश्य शहरी नक्सलवाद के अड्डे बंद करना है।

## मुझे डंडों से पीटा गया : अमित शाह

एजेंसी । गोलाघाट



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को असम के दौरे पर पहुंचे। गृहमंत्री अमित शाह ने डेरगांव में लचित बरफुकन पुलिस अकादमी के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान जनसभा को संबोधित भी किया। अपने संबोधन के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने असम के पूर्व मुख्यमंत्री के रूप में हितेश्वर सैकिया के कार्यकाल के दौरान उनकी नजरबंदी को याद किया। अमित शाह ने उस समय का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि असम में कांग्रेस सरकार के दौरान, उनके साथ मारपीट की गई और उन्होंने राज्य में सात दिनों तक जेल का खाना खाया।

### 'इंदिरा गांधी खूनी हैं'

डेरगांव में लचित बरफुकन पुलिस अकादमी के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए शाह ने कांग्रेस पर हमला किया और कहा कि कांग्रेस ने असम में शांति नहीं रहने दी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि असम में कांग्रेस सरकार ने मुझे भी पीटा है। हितेश्वर सैकिया असम के मुख्यमंत्री थे और हम पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के खिलाफ नारे लगाते थे कि 'असम की गलियां सुनी हैं, इंदिरा गांधी खूनी है'।

## साल दर साल मजबूत हो रहा है संसदीय लोकतंत्र

● पहले आम चुनाव से लेकर अब तक दलों और उम्मीदवारों की संख्या बढ़ी

एजेंसी । नई दिल्ली

आजादी के बाद से भारत में लोकतंत्र मजबूत होता गया है, जिसका प्रमाण चुनावी आंकड़ों में दिखता है। 1951-52 में हुए पहले लोकसभा चुनाव की तुलना में 2024 के चुनाव में भाग लेने वाले राजनीतिक दलों की संख्या 14 गुना बढ़ गई। निर्वाचन आयोग (ECI) के आंकड़ों के अनुसार, 1951-52 में 53 राजनीतिक दल चुनावी मैदान में थे, जबकि 2024 में यह संख्या 743 तक पहुंच गई, जिसमें 6 राष्ट्रीय, 47 राज्य स्तरीय और 690 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दल शामिल हैं।



चुनाव में जमानत गंवाने वाले उम्मीदवारों की संख्या दो गुना से भी अधिक बढ़ी

लोकसभा चुनाव के आंकड़ों के विश्लेषण से मिली जानकारी

### उम्मीदवारों की संख्या बढ़ी

1951-52 के पहले लोकसभा चुनाव में 1,874 उम्मीदवारों ने भाग लिया था, जबकि 2024 में यह संख्या बढ़कर 8,360 हो गई। इनमें 1,334 राष्ट्रीय दलों के, 435 राज्य स्तरीय दलों के, 2,670 गैर-मान्यता प्राप्त दलों के और 3,921 निर्दलीय उम्मीदवार शामिल थे। 1951-52 में लोकसभा की 489 सीटों के लिए चुनाव हुए थे, जबकि 2024 में 543 सीटों के लिए।

### 86% की जमानत जब्त

हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों की संख्या बढ़ी, लेकिन 86% उम्मीदवार अपनी जमानत नहीं बचा सके। कुल 8,360 में से 7,190 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई, जबकि 1951-52 में यह आंकड़ा 40% था। 2024 में राष्ट्रीय दलों के 584, राज्य स्तरीय दलों के 68, गैर-मान्यता प्राप्त दलों के 2,633 और 3,905 निर्दलीय उम्मीदवार अपनी जमानत गंवा बैठे।

### मतदाताओं की संख्या में 5 .6 गुना वृद्धि

देश में जनसंख्या बढ़ने के साथ-साथ मतदाता भी बढ़े हैं। 1951-52 में कुल 17 .32 करोड़ मतदाता थे, जबकि 2024 में यह संख्या बढ़कर 97 .97 करोड़ हो गई। जनसंख्या भी 36 .1 करोड़ से बढ़कर लगभग 145 करोड़ हो चुकी है। 1951 में मतदान के लिए न्यूनतम आयु 21 वर्ष थी, जिसे अब 18 वर्ष कर दिया गया है।

### बढ़ी शिक्षित सांसदों की संख्या

1951-52 में संसद पहुंचने वाले 37 .11% सांसद स्नातक, 17 .82% पोस्ट ग्रेजुएट और 3.6% पीएचडी थे। 23 .40% सांसद 10वीं से कम पढ़े थे। 2024 में, 77% सांसद स्नातक या उससे अधिक शिक्षित हैं, जबकि 19% सांसद 5वीं से 12वीं कक्षा तक पढ़े हैं।

## असम कांग्रेस के प्रवक्ता रीतम सिंह गिरफ्तार



एजेंसी । गुवाहाटी

असम कांग्रेस के प्रवक्ता रीतम सिंह को एक सोशल मीडिया पोस्ट के लिए शनिवार को गिरफ्तार किया गया। इस पोस्ट में उन्होंने कथित तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ दर्ज मामलों की स्थिति पर सवाल उठाया था। इनमें भाजपा एक पूर्व राज्य प्रमुख और दो मौजूदा विधायक शामिल हैं।

मुंबई की हवा में सुधार

# वायु गुणवत्ता 'संतोषजनक' श्रेणी में पहुंची

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

शहर में वायु गुणवत्ता में सुधार देखने को मिला है। शनिवार को मुंबई का वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 71 दर्ज किया गया, जो 'संतोषजनक' श्रेणी में आता है। 'समीर' ऐप के अनुसार, पिछले दो महीनों में मुंबई की हवा पहले की तुलना में साफ हुई है।



### नगर निगम और MPCB की सख्त कार्रवाई का असर

कुछ दिन पहले मुंबई नगर निगम और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा की गई सख्त कार्रवाई के कारण मुंबई की वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ था । महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के रिकॉर्ड के अनुसार, शनिवार को नेवी नगर में वायु गुणवत्ता सूचकांक 76 था। वहीं, पवई में एयर इंडेक्स 70, शिव में 84, विले पार्ले में 84 और भांडुप व वर्ली में 74 रहा। इस बीच, पिछले कई दिनों से मुंबई का वायु गुणवत्ता सूचकांक 78-100 के बीच बना हुआ है। शुक्रवार को मुंबई की हवा कुछ खराब हो गई थी। इससे सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई। फिर शनिवार को इसमें सुधार किया गया।

### देवनार में सुधार, लेकिन AQI अभी भी 'मध्यम'

पहले देवनार की वायु गुणवत्ता अक्सर 'खराब' श्रेणी में रहती थी। लेकिन हाल की कार्रवाई के बाद इसमें सुधार देखने को मिला है। शनिवार को यहां AQI 113 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है।

### बोरीवली और भायखला में भी राहत

बोरीवली और भायखला में पहले AQI लगातार 'खराब' श्रेणी में था। नगर पालिका ने यहां निर्माण कार्यों पर रोक लगाई, जिसके बाद हवा साफ होने लगी। शनिवार को बायकुला में वायु गुणवत्ता AQI 63 जब्कि बोरीवली में वायु गुणवत्ता AQI : 74 था।

# आठ वर्षीय छात्र की स्कूल में पिटाई, दो शिक्षकों पर मामला दर्ज

**डीबीडी संवाददाता । कल्याण**

कल्याण पश्चिम स्थित सेंट्रल रेलवे स्कूल में पढ़ने वाले आठ वर्षीय छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। छात्र के पिता, जो खुद मध्य रेलवे में वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (दूरसंचार) हैं, ने आरोप लगाया है कि रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रशासनिक विवाद के कारण उनके बेटे को स्कूल में प्रताड़ित किया जा रहा है। इस संबंध में महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में दो शिक्षकों – रोहिणी तिवारी और प्रज्ञा कदम के खिलाफ नाबालिगों की देखभाल एवं संरक्षण अधिनियम तथा बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### क्या है पूरा मामला?



पीड़ित छात्र के पिता विनोद धुरंधर, जो कि रेलवे में कार्यरत हैं, अपने परिवार के साथ उल्हासनगर में रहते हैं। उनका बेटा सेंट्रल रेलवे स्कूल में पढ़ता है। विनोद धुरंधर ने पुलिस को दी गई शिकायत में कहा कि चार साल पहले रेलवे के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों का वेतन रोक दिया गया था, जिसे लेकर उन्होंने राष्ट्रीय अछूत जाति एवं जनजाति आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद से रेलवे और स्कूल के कुछ वरिष्ठ अधिकारी शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहे थे। चूंकि शिकायत वापस नहीं ली गई और उन्हें इसमें न्याय मिल गया, इसलिए उनके बेटे को स्कूल में प्रताड़ित किया जा रहा है।

### भयभीत छात्र..... स्कूल जाने से कर रहा इनकार

मारपीट की घटनाओं के बाद छात्र इतना डर गया है कि वह स्कूल जाने को तैयार नहीं है। इससे उसका भविष्य खतरे में पड़ सकता है। इस मामले में विनोद धुरंधर ने जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की समन्वय अधिकारी श्रद्धा नारकर से शिकायत की। नारकर ने छात्र से बातचीत की और पुलिस में मामला दर्ज कराने की सलाह दी। इसके बाद महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई और जांच शुरू हो गई है।

## कांग्रेस के कई नेता और पदाधिकारी शिंदे गुट में शामिल



**कल्याण** । महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में कल्याण के कांग्रेस क्षेत्रीय नेताओं और स्थानीय पदाधिकारियों ने शिंदे गुट की शिवसेना में शामिल होने का ऐलान किया। इस दौरान सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे और जिला प्रमुख गोपाल लांडगे भी मौजूद थे। कांग्रेस छोड़कर आए महाराष्ट्र राज्य कार्यकारिणी के सदस्य पॉली जैकब ने कहा कि कल्याण जिला कांग्रेस की आंतरिक राजनीति, गुटबाजी और पद की होड़ से तंग आकर उन्होंने यह कदम उठाया है। पॉली जैकब ने आरोप लगाया कि हम पिछले 20 वर्षों से कांग्रेस के लिए पूरी निष्ठा से काम कर रहे थे। पार्टी के हर आदेश का पालन किया, रैलियों में शामिल हुए, विरोध प्रदर्शन किए, लेकिन स्थानीय नेतृत्व ने हमें कभी मानद पद नहीं दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग स्थानीय नेताओं के चहेते थे, उन्हें ही नगर निगम की स्थायी समितियों और अन्य प्रतिष्ठित पदों पर जगह दी गई। इस राजनीति से अब हम तंग आ चुके थे। इस मौके पर सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे और जिला प्रमुख गोपाल लांडगे ने सभी नए सदस्यों का शिवसेना का झंडा देकर स्वागत किया। सांसद शिंदे ने आश्वासन दिया कि शिवसेना में शामिल होने वाले हर कार्यकर्ता का सम्मान किया जाएगा और उनकी मेहनत को उचित पहचान मिलेगी। इस मौके पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग कल्याण विभाग के अध्यक्ष राजकुमार हीरावत, विद्यार्थी विभाग के सनी एंथोनी, महासचिव सुनील चव्हाण, सलाहकार एडवोकेट नित्यानंद नायर, युवा कांग्रेस महासचिव संतोष शर्मा, प्रदेश कांग्रेस के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के राज्य सचिव स्टीफन हिवाले और विजू अब्राहम सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शिंदे शिवसेना की सदस्यता ली।

# वैन चालक दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई**



नवी मुंबई में 15 वर्षीय लड़की से रेप के आरोप में एक स्कूल के वैन चालक को गिरफ्तार किया गया है। इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि नवी मुंबई में 15 वर्षीय लड़की के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक स्कूल वैन चालक को गिरफ्तार किया गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने गुरुवार को भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (POCSO) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है।

### 3 मार्च का बताया जा रहा है मामला

मामला 3 मार्च को पनवेल का बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, लड़की कॉलेज जा रही थी, तभी उसके पड़ोस में रहने वाले आरोपी ने उसे बहला-फुसलाकर अपनी स्कूल वैन में बिठा लिया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने कथित तौर पर लड़की को चिंचवली शिवरा में एक सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ रेप किया। आरोपी के चंगुल से छूटने के बाद पीड़िता ने पूरी आपबीती अपने परिजनों को बताई। जिसके बाद पीड़िता के माता-पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया।

# नगरसेवक को अश्लील फोटो भेजकर 50 लाख की रंगदारी

- ब्लैकमेलिंग मामले में ठाणे पुलिस की कार्रवाई
- सभी आरोपी पुलिस हिरासत में

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

बदलापुर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक नगरपालिका परिषद के पार्षद को अश्लील फोटो भेजकर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 15 मार्च 2025 को स्थानीय अदालत में पेश किया।

### तकनीकी जांच के बाद चार आरोपी गिरफ्तार



पुलिस ने बदलापुर परिसर से अक्षय उर्फ बकरी गोविन्द जाधव, तथा उसका साथी 28 वर्षीय रोनित दयानंद आडारकर , 45वर्षीय दीपक मधुकर बाघमारे तथा चौथा आरोपी 28वर्षीय पुष्कर हरिदास कदम को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, इन चारों आरोपियों ने मिलकर पार्षद को ब्लैकमेल करने की साजिश रची और उसे महिला के साथ कथित अश्लील तस्वीरें भेजकर 50 लाख रुपये की मांग की।

### व्हाट्सएप और मैसेज के जरिए हो रही थी ब्लैकमेलिंग

ठाणे पुलिस आयुक्तालय के जनसंपर्क अधिकारी और पुलिस निरीक्षक किशोर खरात ने बताया कि बदलापुर के पार्षद को किसी महिला के साथ आपत्तिजनक फोटो भेजकर ब्लैकमेल किया जा रहा था। आरोपी लगातार व्हाट्सएप और मैसेज के जरिए 50 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। पार्षद ने इस मामले की जानकारी बदलापुर पुलिस को दी, जिसके बाद चार अलग-अलग टीमें आरोपियों की तलाश में जुट गईं। पुलिस ने शिकायतकर्ता के मोबाइल पर भेजी गई अश्लील तस्वीरों का विश्लेषण विशाखापट्टनम में एक तकनीकी लैब में करवाया।

### आरोपी पुलिस हिरासत में, जांच जारी

आज न्यायालय ने सभी चारों आरोपियों को पुलिस हिरासत में भेज दिया। यह कार्रवाई पुलिस उप आयुक्त उल्हासनगर शैलेश काले, अंबरनाथ सहायक पुलिस आयुक्त किरण बालबड़कर और बदलापुर ईस्ट पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेश गज्जल के मार्गदर्शन में की गई। फिलहाल, पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या इस ब्लैकमेलिंग गिरोह में और लोग शामिल हैं और क्या इससे पहले भी किसी को इसी तरह ब्लैकमेल किया गया था।

## मजदूर की हत्या के आरोप में तीन आरोपी गिरफ्तार



**टिटवाला।** टिटवाला थाना क्षेत्र के निबंवली गांव शिवार में मजदूर की हत्या के मामले में कल्याण तालुका पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गुजरात के धरमपुर, जिला वलसाड से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर की गई। यह घटना 2 मार्च 2025 को समृद्धि महामार्ग के निर्माण कार्य के दौरान हुई थी। मृतक सागर (पिंटू) सुरेश गोथडे (35), निवासी सप्तश्रृंगी, जिला नासिक का अपने सहकर्मियों विशाल उर्फ मामु किशोर माली (24), गणेश उर्फ पंडित तुकाराम सूर्यवंशी (34) और बद्रीनाथ सुधाकर पाटील (43) से विवाद हो गया था। झगड़े के दौरान आरोपियों ने सागर के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गए। हत्या के बाद आरोपी लगातार मोबाइल का इस्तेमाल नहीं कर रहे थे और अलग-अलग स्थानों पर घूम रहे थे, जिससे पुलिस के लिए उनकी तलाश करना चुनौती बन गया था। लेकिन कल्याण तालुका पुलिस की अपराध शाखा ने करीब 60-70 स्थानों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की और आरोपियों के परिजनों से मिली जानकारी के आधार पर तकनीकी विश्लेषण किया। तकनीकी जांच के बाद पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी गुजरात के वलसाड जिले के धरमपुर में छिपे हुए हैं। इसके बाद पुलिस ने 13 मार्च को धरमपुर पहुंचकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 17 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। इस कार्रवाई से तकनीकी विश्लेषण और गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तारी की पुलिस की रणनीति की सराहना हो रही है। फिलहाल, पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# सेंचुरी रेयान यूनियन चुनाव में देरी पर नाराजगी

- श्रमिकों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**

सेंचुरी रेयान वर्कर्स यूनियन ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद कंपनी में श्रमिक संघ चुनाव में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। श्रमिक समर्थक मोहन कंडारे ने जल्द से जल्द चुनाव कराने की मांग करते हुए कहा कि अगर चुनाव नहीं हुए, तो श्रमिक आंदोलन छेड़ेंगे।

### चुनाव जल्द से जल्द कराने की मांग



यूनियन पदाधिकारियों ने मांग की है कि चुनाव जल्द से जल्द कराए जाएं। चुनाव पारदर्शी तरीके से बैलेट पेपर के माध्यम से हों। मतदान के दिन ही मतगणना और परिणाम घोषित किए जाएं। अगर प्रशासन ने चुनाव में देरी की, तो आंदोलन होगा और दोषियों को जेल भेजा जाएगा, यह चेतावनी श्रमिक नेताओं ने दी है। इस मुद्दे को लेकर संतोष भोईर, अनिल बलिराम पाटिल, ज्ञानेश्वर पाटिल, राजकुमार पारीक, राजू कंडारे, बहादुर सिंह, राजनाथ सिंह, रूपेश पाटिल, सुरेंद्र जायसवाल (बड़कू), अनिल अग्रवाल और रजत कंडारे ने कड़ा रुख अपनाया है।

### भ्रष्टाचार के आरोप, श्रमिकों का पैसा हड़पने का मामला


यूनियन पदाधिकारियों का आरोप है कि 2022 के यूनियन चुनाव में जीतने वाली यूनियन ने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया और यह मामला ठाणे के श्रम आयुक्त कार्यालय में जांच के अधीन है। मोहन कंडारे ने कहा कि भ्रष्ट यूनियनें चुनाव को रोकने के लिए बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं ताकि उनके घोटाले उजागर न हों। इसीलिए श्रमिक संघ चुनाव में जानबूझकर देरी की जा रही है।

### हाईकोर्ट का आदेश, फिर भी चुनाव लंबित

सेंचुरी रेयान वर्कर्स यूनियन ने चुनाव कराने की मांग को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया था। 21 फरवरी 2025 को हाईकोर्ट ने ठाणे के श्रम आयुक्त को चुनाव कराने का आदेश दिया था। लेकिन अब तक चुनाव नहीं होने से श्रमिकों में असंतोष बढ़ रहा है।

# शराब के पैसे देने से इनकार करने पर चाकू से हमला

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**



शराब के पैसे देने से मना करने पर दो लोगों ने एक व्यक्ति पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना 14 मार्च की शाम को उल्हासनगर कैंप नंबर 1, खेमानी मच्छी मार्केट इलाके में हुई। पीड़ित रविंद्र नोनी राम (42) जब खेमानी के मनपसंद बार के सामने खड़ा था, तभी ज्ञानेश्वर और उसका मित्र विनोद कुमार उरांग वहां पहुंचे और रविंद्र से शराब पिलाने की मांग की। जब रविंद्र ने पैसे देने से इंकार किया तो दोनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और उसे लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा। झगड़े के दौरान ज्ञानेश्वर ने चाकू निकालकर रविंद्र के हाथ और कमर पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

पीड़ित की शिकायत पर उल्हासनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक आशीष पवार कर रहे हैं।

## वर्ली में प्रेमी ने प्रेमिका पर किया हमला



**मुंबई।** वर्ली के जयवंत पालकर मार्ग पर एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जहां एक युवक ने अपनी प्रेमिका पर हमला कर दिया। मारपीट इतनी गंभीर थी कि युवती के मुख से खून बहने लगा। घायल युवती ने हाथ जोड़कर राहगीरों से मदद की गुहार लगाई। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस इंफोलाइन 1090 और हेल्पलाइन 100 पर कॉल किया, लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नहीं किया। बताया जा रहा है कि होली के दिन पुलिस कंट्रोल रूम में झगड़ों की इतनी शिकायतें आईं कि उन्होंने कॉल रिसीव करना ही बंद कर दिया। जब हेल्पलाइन से मदद नहीं मिली, तो एक राहगीर भागते हुए वर्ली पुलिस स्टेशन पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी। इसके बाद निर्भया टीम तुरंत मौके पर पहुंची और प्रेमी-प्रेमिका को पुलिस स्टेशन ले गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है।

हत्या या आत्महत्या?

# सड़क किनारे खड़े टेंपो में मिला शव

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**



शहर के खेमानी कब्रिस्तान के पास एक टेंपो में शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। अचानक बरामद हुए शव ने स्थानीय निवासियों के बीच भय और उत्सुकता का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस इस घटना की जांच कर रही है कि यह हत्या है या आत्महत्या।

### शव के पास मिला पहचान पत्र

मिली जानकारी के अनुसार, टेंपो काफी समय से खेमानी इलाके में सड़क किनारे खड़ा था और आने-जाने वाले लोगों का ध्यान इसकी ओर जाता था। जब कुछ लोगों ने पर्दे के पीछे झांककर देखा, तो अंदर एक शव पड़ा मिला। नागरिकों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सेंट्रल अस्पताल भेज दिया। प्रारंभिक जांच में शव के पास उत्तर प्रदेश के गोंठा ग्राम पंचायत का एक निवास प्रमाण पत्र मिला, जिस पर ररसंतोष प्रभुनाथ प्रजापतिर नाम दर्ज है। पुलिस अब इस नाम की जांच कर रही है और मृतक की पहचान की आधिकारिक पुष्टि में जुटी है।

### पुलिस ने शुरू की जांच

शव के पास मिला प्रमाण पत्र क्या वास्तव में मृतक का है, या किसी ने जानबूझकर उसे वहां रखा? पुलिस इस पहलू पर जांच कर रही है। साथ ही, क्या यह आत्महत्या का मामला है, या फिर दुर्घटना या हत्या हुई है? इन सभी सवालों के जवाब खोजने के लिए पुलिस ने घटनास्थल से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य इकट्ठा किए हैं।

# स्थायी समिति को सौंपी गई 2019-20 की ऑडिट रिपोर्ट

- शेष ऑडिट के लिए मार्च और दिसंबर 2025 लक्ष्य
- चुनावों के कारण हुई देरी, अब तय समय में पूरी होगी ऑडिट प्रक्रिया

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

ठाणे महानगरपालिका (मनपा) की वित्तीय वर्ष 2019-20 की ऑडिट रिपोर्ट पहले ही स्थायी समिति को सौंपी जा चुकी है, जबकि 2020-21 और 2021-22 की ऑडिट रिपोर्ट मार्च 2025 तक और 2022-23 व 2023-24 की ऑडिट रिपोर्ट दिसंबर 2025 तक पूरी की जाएगी। कुछ समाचार पत्रों में यह खबर प्रकाशित हुई थी कि ठाणे मनपा का पिछले पांच वर्षों से ऑडिट नहीं हुआ, लेकिन चीफ ऑडिटर दिलीप सूर्यवंशी ने स्पष्ट किया कि ऑडिट प्रक्रिया जारी है और समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी।

### ऑडिट प्रक्रिया और मौजूदा स्थिति



2019-20 की ऑडिट रिपोर्ट स्थायी समिति को सौंप दी गई है। 2020-21 और 2021-22 के ऑडिट कार्य पूरे हो चुके हैं, जिनमें 7 विभागों की रिपोर्ट स्थायी समिति को सौंप दी गई है। शेष 17 विभागों की ऑडिट रिपोर्ट मार्च 2025 तक पूरी कर ली जाएगी। 2022-23 और 2023-24 की ऑडिट रिपोर्ट दिसंबर 2025 तक तैयार करने का लक्ष्य है।

### 24 प्रभागों में बंटे विभागों का ऑडिट कार्य प्रगति पर

ठाणे मनपा के विभिन्न विभागों को 24 प्रभागों में विभाजित किया गया है, जिनका ऑडिट किया जा रहा है। अधिकारी इस प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू रूप से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### चुनावों के कारण ऑडिट कार्य में हुई देरी

चीफ ऑडिटर ने बताया कि 2024 में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान अधिकांश ऑडिट विभाग के कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में व्यस्त थे, जिसके कारण ऑडिट कार्य में देरी हुई। अब चुनावी कार्य समाप्त होने के बाद ऑडिट विभाग तेजी से काम कर रहा है और तय समय सीमा के भीतर सभी रिपोर्ट पूरी कर ली जाएंगी।

# हर दिन नशे में बयान देते हैं संजय राउत : म्हस्के

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

शिवसेना (शिंदे गुट) के सांसद नरेश म्हस्के ने शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत की आलोचना करते हुए उन पर हर दिन नशे में बयानबाजी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कहूंगा कि कल की भांग संजय राउत पर नहीं चढ़ी, क्योंकि वे हर दिन नशे में बयान देते हैं। संजय राउत ने हाल ही में एक बड़ा दावा किया था कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कांग्रेस में शामिल होने वाले थे और उन्होंने दिल्ली में अहमद पटेल से मुलाकात भी की थी। राउत ने यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण इस बात की पुष्टि कर सकते हैं।

### म्हस्के का पलटवार – 'शिंदे की लोकप्रियता से डरते हैं राउत'



इस पर प्रतिक्रिया देते हुए नरेश म्हस्के ने कहा कि पृथ्वीराज चव्हाण ने स्वयं इस दावे को नकार दिया है। उन्होंने संजय राउत से सवाल किया कि अगर आपको पहले से पता था कि शिंदे कांग्रेस में जाने वाले थे, तो आपने उन्हें मंत्री क्यों बनाया? नेता क्यों बनाया? म्हस्के ने यह भी आरोप लगाया कि उद्धव ठाकरे को शिंदे से डर था, इसलिए वह उनके कंधों पर जिम्मेदारी डालकर महाराष्ट्र में चुनाव जीतने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, रअगर शिंदे कांग्रेस में शामिल होते, तो आपको डर लगता, क्योंकि उनकी लोकप्रियता बहुत ज्यादा है। आपने खुद यह स्वीकार कर लिया कि वह लोकप्रिय हैं। म्हस्के ने आगे कहा कि रलोग उसी पेड़ पर पत्थर फेंकते हैं, जिस पर फल लगते हैं।

# न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले में पांचवीं गिरफ्तारी

## ▸▸ मुख्य आरोपियों ने छोड़ा देश

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक से 122 करोड़ रुपये के घोटाला मामले में वांटेड आरोपी कपिल देढिया को गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने बताया कि देढिया को शुक्रवार को वडोदरा में एक जॉइंट ऑपरेशन कर पकड़ा गया था और शनिवार को उसे मुंबई लाया गया। कपिल देढिया को औपचारिक रूप से सुबह 11:30 बजे गिरफ्तार किया गया और कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने उसे 19 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेजा।

### खाते में 12 करोड़ रुपये जमा किए

- सूत्रों ने बताया कि जांच से पता चला है कि उसके खाते में 12 करोड़ जमा किए गए थे, जो बैंक से गबन किए गए धन का हिस्सा है। यह भी पता चला है कि इन पैसों का एक हिस्सा धर्मेश रियल्टी के बिल्डर धर्मेश पौन से प्राप्त हुआ था, जबकि दूसरा हिस्सा मामले में वांटेड आरोपी अरुणाचलम ने उसे ट्रांसफर किया था। इसके अलावा भी ईओडब्ल्यू को शक है कि उसे कथित तौर पर हितेश मेहता से भी पैसे मिले थे।




### हिरेन भानु और गौरी भानु हैं मुख्य आरोपी


EOW इस मामले में बैंक से गायब हुए फंड कहां-कहां गए और वित्तीय अनियमितताओं में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी है। अब तक EOW ने ईओडब्ल्यू में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें पूर्व सीईओ अभिमन्यु भोआन, एसआरए डेवलपर धर्मेश पौन और फरार उन्नावन अरुणाचलम का बेटा मनोहर अरुणाचलम शामिल हैं। दोनों ही इस मामले में लाभार्थी हैं। वहीं, पूर्व अध्यक्ष हिरेन भानु और उनकी पत्नी बैंक की कार्यवाहक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष गौरी भानु को भी इस मामले में आरोपी बनाया गया है लेकिन एफआईआर दर्ज होने के कुछ दिन पहले वे देश छोड़कर भाग गए थे।

### हिरेन भानु भारतीय नागरिकता छोड़ बना ब्रिटिश नागरिक

ईओडब्ल्यू को मिली जानकारी के मुताबिक हिरेन भानु अबू धाबी चला गया है और उसने अपनी भारतीय नागरिकता सरेंडर कर दी है और ब्रिटिश नागरिकता हासिल कर ली है। गौरी भानु एफआईआर दर्ज होने के दो दिन पहले ही थाईलैंड चली गई थी। EOW ने दंपत्ति के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया है, जिसके बाद ब्लू कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया है। अगर वे भारत नहीं लौटते हैं तो EOW चार्जशीट दाखिल होने के बाद उनके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी करेगा।

# एकनाथ शिंदे पहले कांग्रेस में शामिल होना चाहते थे : राउत

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



शिवसेना उद्धव गुट के सांसद संजय राउत ने शनिवार को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे पहले कांग्रेस में शामिल होना चाहते थे। हालांकि, राउत ने उस साल या महीने का जिक्र नहीं किया, जब एकनाथ शिंदे ने पाला बदलने की योजना बनाई थी। उन्होंने दिवंगत कांग्रेस नेता अहमद पटेल का हवाला दिया। दरअसल, शिंदे ने जून 2022 में शिवसेना को दोफाड़ कर दिया था और भाजपा के साथ हाथ मिलाकर महा विकास अघाड़ी सरकार गिरा दी थी। संजय राउत ने संवाददाताओं से कहा, 'मुझे पता है कि क्या चल रहा था। अहमद पटेल अब नहीं रहे और इसलिए मैं और कुछ नहीं कहना चाहता, क्योंकि वह इस बात को पुख्ता करने के लिए मौजूद नहीं हैं।' 25 नवंबर, 2020 को अहमद पटेल का निधन हो गया था।

### नाना पटोले के दावे ने मचा दी थी हलचल

महाराष्ट्र कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नाना पटोले ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार (एनसीपी) को मुख्यमंत्री के रोटेशनल पद के वादे के साथ विपक्षी गठबंधन में शामिल होने के अपने प्रस्ताव से हलचल मचा दी थी। उन्होंने होली समारोह के दौरान ये टिप्पणियां कीं। जब उनसे प्रतिक्रिया मांगी गई तो राउत ने कहा कि राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है। मैं निःशब्द हूं।

### 'राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं'

उन्होंने कहा, 'मैं सिर्फ इतना कह सकता हूं कि राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है।' राउत ने कहा कि किसी ने भी नहीं सोचा था कि 2019 में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का गठन होगा या 2022 में (शिंदे के नेतृत्व में) एक असंवैधानिक सरकार सत्ता में आएगी या 2024 में देवेंद्र फडणवीस को पूर्ण बहुमत मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि शिंदे का बालासाहेब ठाकरे के भगवा झंडे से कोई लेना-देना नहीं है।

# एनसीपी ने अमित देशमुख से की फडणवीस सरकार में शामिल होने की अपील

**डीबीडी संवाददाता | लातूर**

लातूर के एक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी विधायक ने कांग्रेस विधायक अमित देशमुख से पाला बदलकर मंत्री के तौर पर जिले में अपनी पहल जारी रखने की अपील की। इस पर देशमुख ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में संतुलन जरूरी है। दरअसल, देशमुख शुक्रवार शाम चार दिवसीय लातूर अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन विलासराव देशमुख फाउंडेशन ने पुणे फिल्म फाउंडेशन और महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से किया है।

कार्यक्रम के दौरान अजित पवार के नेतृत्व वाली पार्टी के एमएलसी विक्रम काले ने मजाक में अमित देशमुख से सत्ताधारी पार्टी में शामिल होने और मंत्री के तौर पर अपनी पहल जारी रखने का आग्रह किया। कांग्रेस नेता ने कहा, 'अगर सभी लोग सत्ताधारी पार्टी में शामिल हो गए तो लोकतांत्रिक व्यवस्था का संतुलन बिगड़ जाएगा। यह ऐसी चीज है जिसे हम में से कोई भी बर्दाश्त नहीं कर सकता। इसलिए हम जहां हैं वहीं रहेंगे और विपक्ष में अपनी भूमिका निभाते रहेंगे।



### ▸▸ राज्य मंत्री बाबासाहेब पाटिल ने क्या कहा?

इस अवसर पर बोलते हुए राज्य मंत्री बाबासाहेब पाटिल ने कहा कि लातूर में विकास की गति को बनाए रखने के साथ-साथ राजनीतिक संबद्धता को अलग रखा जाएगा। जिले की अनुकरणीय सांस्कृतिक, शैक्षणिक और खेल विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। राज्य सहकारिता मंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख और अन्य प्रमुख नेताओं की विरासत ने लातूर को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाया है।

### ▸▸ 'पिता की विरासत को बड़ी कुशलता से आगे बढ़ा रहे'

उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री और विधायक अमित देशमुख अपने पिता की विरासत को बड़ी कुशलता से आगे बढ़ा रहे हैं और विभिन्न योजनाओं और पहलों को लागू करना जारी रखा है। राज्य मंत्री के रूप में पाटिल ने राजनीतिक मतभेदों को अलग रखते हुए अपना पूरा समर्थन और सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# विज्ञापन के नाम पर 1.5 करोड़ की धोखाधड़ी

**डीबीडी संवादाता | मुंबई**

चेंबूर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ 1.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोपियों ने एक विज्ञापन के लिए 25 कलाकारों को बुलाकर उनकी फीस हड़प ली। इस विज्ञापन में अभिनेत्रियाँ अंकिता लोखंडे, आयुष शर्मा और अद्रिजा रॉय सहित कई कलाकारों को आमंत्रित किया गया था। शिकायत एक महिला सेलिब्रिटी मैनेजर ने दर्ज कराई है।

- पांच लोगों पर मामला दर्ज
- 25 कलाकारों की फीस हड़पने का आरोप




### कैसे हुआ धोखाधड़ी का खेल?

शिकायतकर्ता रोशन बिंदर (48) अंधेरी (पश्चिम) में रहते हैं और ऐमन एंटरटेनमेंट कंपनी के मालिक हैं, जो मशहूर हस्तियों को कार्यक्रमों और विज्ञापनों के लिए उपलब्ध कराती है। जुलाई 2024 में उन्हें एक व्यक्ति ने फोन कर बताया कि उन्हें ऊर्जा पेय के विज्ञापन के लिए 25 कलाकारों की जरूरत है। बिंदर के सहमत होने पर आरोपियों ने 10 लाख रुपये की अग्रिम राशि भेजने की रसीद दी, लेकिन असल में कोई भुगतान नहीं हुआ। बाद में, आरोपियों ने दादर में एक पार्टी आयोजित की, जहां अर्जुन बिजलानी, अभिषेक बजाज, हर्ष राजपूत समेत 100 कलाकार पहुंचे। इनमें से 25 को विज्ञापन के लिए चुना गया और कुल फीस 1 करोड़ 32 लाख रुपये तय हुई।

### चेक की तस्वीरें भेजकर किया गया गुमराह

शिकायतकर्ता को 15 लाख रुपये के चेक की तस्वीर भेजी गई और कहा गया कि जल्द ही पैसा खाते में आ जाएगा। इस भरोसे पर कलाकारों के साथ विज्ञापन की शूटिंग शुरू कर दी गई। यह तय हुआ कि सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड करने के 35 दिनों के भीतर भुगतान किया जाएगा। दादर में हुई पार्टी में मौजूद कुछ कलाकारों को 2 लाख और 90 हजार रुपये के दो चेक दिए गए, लेकिन वे भी क्लियर नहीं हुए।

### मध्य प्रदेश निवासी समेत पांच लोगों पर केस दर्ज

इस मामले में मध्य प्रदेश निवासी एक व्यक्ति सहित पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब इस बड़े फर्जीवाड़े की जांच कर रही है।

### फर्जी भुगतान और बढ़ती धोखाधड़ी

बाद में, आरोपियों में से एक ने बताया कि वह दुबई में है और वहां से 22.50 लाख रुपये भेजे हैं, लेकिन यह राशि कभी शिकायतकर्ता के खाते में नहीं पहुंची। इसके अलावा, फिल्म कलाकार तेजस्वी प्रकाश (6.5 लाख रुपये) और अद्रिजा रॉय (1.25 लाख रुपये) को दिए गए चेक भी बाउंस हो गए। आरोपियों ने अक्टूबर 2024 में 35 लाख और 45 लाख रुपये के दो और चेक जारी किए, लेकिन यह भी भुनाए नहीं जा सके।

### कलाकारों और शिकायतकर्ता को 1.5 करोड़ की चपत

शिकायतकर्ता ने कुछ कलाकारों—जय भानुशाली, भूमिका गुरंग, अंकिता लोखंडे, आयुष शर्मा, सना सुल्तान, कुशाल टंडन, अद्रिजा रॉय, बेसिन, अभिषेक बजाज—को अग्रिम भुगतान के रूप में 35 लाख रुपये का चेक दिया। लेकिन जब आरोपी द्वारा दिया गया 80 लाख रुपये का चेक बाउंस हो गया, तो शिकायतकर्ता भी अपना चेक रोकने को मजबूर हो गए।

# हाई-प्रोफाइल सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, दलाल गिरफ्तार

**मुंबई।** होली की रात मुंबई पुलिस ने पवई इलाके के एक होटल में चल रहे हाई-प्रोफाइल सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया। पुलिस को हिरानंदानी स्थित होटल में इस अवैध गतिविधि के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। पुलिस ने नकली ग्राहक बनकर दलाल श्यामसुंदर अरोड़ा (60) से संपर्क किया। अरोड़ा ने 26 से 35 साल की मॉडल्स उपलब्ध कराने के लिए 70 हजार से 1 लाख रुपये तक की मांग की। बातचीत के दौरान पुलिस ने जाल बिछाया और अरोड़ा को महिलाओं के साथ बुलाया। जैसे ही अरोड़ा महिलाओं को लेकर होटल पहुंचा, पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने होटल के कमरों की तलाशी के दौरान 8 मोबाइल फोन और 3 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। पूछताछ में अरोड़ा ने सेक्स रैकेट में अपने सहयोगी के बारे में जानकारी दी, जो चारकोप इलाके का रहने वाला है। पुलिस अब उसकी तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, बचाई गई मॉडल महिलाओं में से एक हिंदी टेलीविजन धारावाहिकों में काम कर चुकी है।

**हिरानंदानी के होटल में चल रहा था धंधा, पुलिस ने नकली ग्राहक बनकर रची जाल**

# बारामती में फिर आमने-सामने होंगे चाचा-भतीजे?

**डीबीडी संवाददाता | बारामती**

महाराष्ट्र की राजनीति में बारामती एक बार फिर चर्चा का केंद्र बन सकती है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) शरद पवार गुट के नेता युगेंद्र पवार ने संकेत दिया है कि वे उपमुख्यमंत्री अजित पवार के खिलाफ चीनी मिल चुनाव में उतर सकते हैं। युगेंद्र पवार ने मालेगांव शुगर फैक्ट्री और सोमेश्वर शुगर फैक्ट्री के चुनावों में अपना पैनल उतारने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मजदूर चाहते हैं कि वे चुनाव लड़ें और इसीलिए वे मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। युगेंद्र पवार ने कहा कि शरद पवार साहब ने मालेगांव शुगर फैक्ट्री, सोमेश्वर शुगर फैक्ट्री और पूरे गन्ना क्षेत्र के विकास में बहुत बड़ा योगदान दिया है। वे पिछले 40-50 वर्षों से इस क्षेत्र के लिए काम कर रहे हैं। पवार साहब हमारे पीछे हैं, इसलिए हम चीनी मिल को बचाने के लिए चुनाव लड़ेंगे।

**अजित पवार के खिलाफ युगेंद्र पवार लड़ सकते हैं चीनी मिल चुनाव**



### विधानसभा चुनाव में युगेंद्र पवार ने अजित पवार के खिलाफ चुनाव लड़ा था

- यदि युगेंद्र पवार चुनाव लड़ते हैं, तो बारामती में एक बार फिर चाचा-भतीजे (अजित पवार बनाम युगेंद्र पवार) की टक्कर देखने को मिल सकती है। इससे पहले 2019 के विधानसभा चुनाव में भी युगेंद्र पवार ने अजित पवार के खिलाफ चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। अजित पवार को 1,81,132 वोट (66.13%) मिले थे। युगेंद्र पवार को 80,233 वोट (29.29%) मिले थे। इस चुनाव में अजित पवार की बड़ी जीत हुई थी और इसके बाद महायुति सरकार बनी थी।

# 'दिल्ली में लगाई जाएं मराठा साम्राज्य के योद्धाओं की प्रतिमाएं'

**शरद पवार ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी**

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई। एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में मराठा साम्राज्य के तीन महान योद्धाओं—पेशवा बाजीराव प्रथम, महादजी शिंदे और मल्हारराव होल्कर—की प्रतिमाएं स्थापित करने की अनुमति देने का अनुरोध किया है। तालकटोरा स्टेडियम और इसका आसपास का क्षेत्र 18वीं शताब्दी में मुगलों के खिलाफ मराठा अभियानों का महत्वपूर्ण केंद्र रहा था। पुणे स्थित एक एनजीओ ने पहले इस स्थान पर तीनों मराठा योद्धाओं की प्रतिमाएं स्थापित करने की योजना बनाई थी। हालांकि, इतिहासकारों और साहित्यकारों ने पूर्ण आकार की घुड़सवार प्रतिमाओं के पक्ष में अपनी राय व्यक्त की है।




### मराठी साहित्य सम्मेलन का भी जिक्र

पवार ने पीएम मोदी को लिखे पत्र में कहा कि कई साहित्यकारों और शुभचिंतकों ने यह भावना व्यक्त की है कि पूर्ण आकार की घुड़सवार प्रतिमाएं ही इन योद्धाओं की वीरता और योगदान के लिए उपयुक्त श्रद्धांजलि होंगी। उन्होंने दिल्ली सरकार और एनडीएमसी को निर्देश देने की मांग की, अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि तालकटोरा स्टेडियम में 98वें मराठी साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने किया था।

**मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र निविदा सूचना संख्या – 4**

**ई-निविदा संख्या : CR-BSL-SNT-PROJ-PSSA-2025 dtd. 09.03.2025. कार्य का नाम:** निम्नलिखित कार्यों के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी उपलब्ध कराना (i) मध्य रेलवे भुसावल मंडल के क्षेत्राधिकार में सर्वेक्षण, डिज़ाइन, आपूर्ति, स्टेशनरी कवच उपकरण की स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, और अन्य संबद्ध कार्य । (ii) मध्य रेलवे में कवच और अन्य संबंधित कार्यों के लिए टावरों का सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग. **खुली निविदा सूचना संख्या :** CR-BSL-SNT-PROJ-PSSA-2025 dtd. 06/02/2025. **क्र. सं.** 1, **Item/ clause No.:** निविदा समाप्ति तिथि, **Modified Particulars:** निविदा समाप्ति तिथि 02.04.2025 से बढ़ाकर 22.04.2025 कर दी गई है। **क्र. सं.** 2, **Item/ clause No.:** द्वितीय प्री-बिड बैठक तिथि. **Modified Particulars:** 31.03.2025। इस शुद्धिपत्र से संबंधित पूर्ण विवरण आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। निविदा दस्तावेज वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

**Download UTS App for Tickets** 846

# महिला से 6.5 करोड़ की साइबर ठगी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मानव तस्करी मामले में फंसाने की धमकी देकर एक महिला से 6.5 करोड़ रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में दक्षिण क्षेत्रीय साइबर पुलिस ने 21 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने साइबर अपराधियों को बैंक खाता उपलब्ध कराया था, जिसमें ठगी की रकम जमा की गई थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जहाद जयउल्लाह खान (21) के रूप में हुई है, जो मीरा रोड ईस्ट का निवासी है। उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 319 (2), 318 (4), 336 (2), 335 (3), 340 (2), 61 (1), 204 और आईटी एक्ट की धारा 66 (A) और 66 (D) के तहत मामला दर्ज किया गया है।


### फर्जी अधिकारी बनकर बनाया शिकार

23 सितंबर 2024 को शिकायतकर्ता महिला को एक नकली पुलिस अधिकारी ने फोन किया और खुद को "सावंत" नाम का अधिकारी बताया। उसने दावा किया कि शिकायतकर्ता के आधार कार्ड का इस्तेमाल बॉर्डर कार्ड खरीदने और मानव तस्करी में किया गया है। इसके अलावा, सिम कार्ड के जरिए वित्तीय धोखाधड़ी करने का आरोप भी लगाया गया। इसके बाद, "आलोक" और "मिश्रा" नाम के दो लोगों ने खुद को केंद्रीय एजेंसी का अधिकारी बताते हुए महिला को वीडियो कॉल किया और उसे गिरफ्तारी का डर दिखाया।

### गिरफ्तारी से बचने के लिए जमा कराए करोड़ों रुपये

महिला को बताया गया कि उसके नाम पर एक निजी बैंक खाता खोला गया है, जिसमें अवैध रूप से विदेश भेजे गए भारतीय नागरिकों से उगाही गई रकम जमा कराई गई थी। फिर उसे एक ऑनलाइन लिंक भेजकर एक फर्जी वारंट और संपत्ति जब्ती का आदेश दिखाया गया। डर के कारण, महिला ने गिरफ्तारी से बचने के लिए 5.88 करोड़ रुपये अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए।

**21 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार**



**फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर डराया, बैंक खातों में ट्रांसफर कराए करोड़ों रुपये**

### ▸▸ सच्चाई सामने आने पर दर्ज कराई शिकायत

महिला को बाद में एहसास हुआ कि उसके साथ ठगी हुई है, जिसके बाद उसने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। साइबर पुलिस ने बैंक ट्रांजेक्शन की जांच की और पाया कि आरोपी खान के खाते में 5 लाख रुपये जमा हुए थे। जब यह स्पष्ट हुआ कि खान भी ठगी की गई रकम निकालने में शामिल था, तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल मामले की जांच जारी है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन बिल्डिंग, मुंबई-400020.

**रिक्ति अधिसूचना सं.: (1) एमआरवीसी/ई/4/2025 दिनांक 12.03.2025 & (2) एमआरवीसी/ई/5/2025 दिनांक 12.03.2025**

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा **"डीजीएम (सिविल)" E5 IDA** स्केल में 04 पद और **"एजीएम/जेजीएम/डीजीएम (रोलिंग स्टॉक)" E7/E6/E5 IDA** स्केल में 01 पद को अनुबंध के आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है। मेल द्वारा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10.04.2025 है। अधिक जानकारी वेबसाइट **https://mrvc.indianrailways.gov.in** पर प्राप्त की जा सकती है । शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा।

**मध्य रेल**

**सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों के पद के लिए वॉक इन इंटरव्यू** भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर मेमोरियल अस्पताल, मध्य रेलवे, भायखला, मुंबई – 400027: सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों के पद के लिए वॉक इन इंटरव्यू 25/03/2025 को होगा, दस्तावेजों का सत्यापन सुबह 9.00 बजे से 10.00 बजे तक किया जाएगा। वॉक इन इंटरव्यू सुबह 10.30 बजे से शुरू होगा.

| Specialty | Vacancy | Reservation/Category wise vacancies |
|---|---|---|
| जनरल सर्जरी | 1 | एसटी – 1, ओबीसी – 2, ईडब्ल्यूएस – 1* |
| गायनेकोलॉजी | 1 | |
| ईएनटी | 1 | |
| ऑपथैल्मोलॉजी | 1 | |
| **कुल** | **4** | |

***नोट: ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार की अनुपलब्धता की स्थिति में रिक्ति उपलब्ध यूआर उम्मीदवार से भरी जाएगी।** पूर्ण विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट पर लॉग इन करें: "www.cr.indianrailway.gov.in.> News & Recruitment > Recruitment > Notification > Engagement of Senior Resident."

**संख्या : BY. HE. Sr. Resident/Adv-Mar-2025 Date. 12/03/2025**

**Download UTS App for Tickets** 845

# ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ सम्बंधी निर्णयों से कैसे निपटे भारत

ट्रम्प प्रशासन अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के हो रहे आयात पर टैरिफ की दरों को लगातार बढ़ाते जाने की घोषणा कर रहा है क्योंकि ट्रम्प प्रशासन के अनुसार इन देशों द्वारा अमेरिका से किए जा रहे विभिन्न उत्पादों के आयात पर ये देश अधिक मात्रा में टैरिफ लगाते हैं। चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर तो टैरिफ को बढ़ा भी दिया गया है। इसी प्रकार भारत के मामले में भी ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत, अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अमेरिका भी भारत से आयात किए जा रहे कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। इस संदर्भ में हालांकि केवल भारत का नाम नहीं लिया गया है बल्कि "टिट फोर टेट" एवं "रेसिप्रोकल" आधार पर कर लगाने की बात की जा रही है और यह समस्त देशों से अमेरिका में हो रहे आयात पर लागू किया जा सकता है एवं इसके लागू होने की दिनांक भी 2 अप्रेल 2025 तय कर दी गई है। इस प्रकार की नित नई घोषणाओं का असर अमेरिका सहित विभिन्न देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर स्पष्टतः दिखाई दे रहा है एवं शेयर बाजारों में डर का माहौल बन गया है।

भारत ने वर्ष 2024 में अमेरिका को लगभग 74,000 करोड़ रुपए की दवाईयों का निर्यात किया है। 62,000 करोड़ रुपए के टेलिकॉम उपकरणों का निर्यात क्या है, 48,000 करोड़ रुपए के पर्ल एवं प्रेशस स्टोन का निर्यात किया है, 37,000 करोड़ रुपए के पेट्रोलीयम उत्पादों का निर्यात किया है, 30,000 करोड़ रुपए के स्वर्ण एवं प्रेशस मेटल का निर्यात किया है, 26,000 करोड़ रुपए की कपास का निर्यात किया है, 25,000 करोड़ रुपए के इस्पात एवं अल्यूमिनियम उत्पादों का निर्यात किया है, 23,000 करोड़ रुपए सूती कपड़े का निर्यात का किया है, 23,000 करोड़ रुपए की इलेक्ट्रिकल मशीनरी का निर्यात किया है एवं 22,000 करोड़ रुपए के समुद्रीय उत्पादों का निर्यात किया है। इस प्रकार, विदेशी व्यापार के मामले में अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा साझीदार है।

अमेरिका अपने देश में विभिन्न वस्तुओं के आयात पर टैरिफ लगा रहा है क्योंकि अमेरिका को ट्रम्प प्रशासन एक बार पुनः वैभवशाली बनाना चाहते हैं परंतु इसका अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर ही विपरीत प्रभाव होता हुआ दिखाई दे रहा है। अमेरिकी बैंकों के बीच किए गए एक सर्वे में यह तथ्य उभरकर सामने आया है कि यदि अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के आयात पर टैरिफ इसी प्रकार बढ़ाते जाते रहे तो अमेरिका में आर्थिक मंदी की सम्भावना बढ़कर 40 प्रतिशत के ऊपर पहुंच सकती है, जो हाल ही में जे पी मोर्गन द्वारा 31 प्रतिशत एवं गोल्डमैन सैचस 24 प्रतिशत बताई गई थी। इसके साथ ही, ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ सम्बंधी निर्णयों की घोषणा में भी एकरूपता नहीं है। कभी किसी देश पर टैरिफ बढ़ाने के घोषणा की जा रही है तो कभी इसे वापिस ले लिया जा रहा है, तो कभी इसके लागू किए जाने के समय में परिवर्तन किया जा रहा है, तो कभी इसे लागू करने की अवधि बढ़ा दी जाती है। कुल मिलाकर, अमेरिकी पूंजी बाजार में सधे हुए निर्णय होते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं इससे पूंजी बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों का आत्मविश्वास टूट रहा है। और, अंततः इस सबका असर भारत सहित अन्य देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर पड़ता हुआ भी दिखाई दे रहा है।



हालांकि, ट्रम्प प्रशासन द्वारा टैरिफ को बढ़ाए जाने सम्बंधी लिए जा रहे निर्णयों का भारत के लिए स्वर्णिम अवसर भी बन सकता है। क्योंकि, भारतीय जब भी दबाव में आते हैं तब तब वे अपने लिए बेहतर उपलब्धियां हासिल कर लेते हैं। इतिहास इसका गवाह है, कोविड महामारी के खंडकाल में भी भारत ने दबाव में कई उपलब्धयां हासिल की थीं। भारत ने कोविड के खंडकाल में 100 से अधिक देशों को कोविड बीमारी से सम्बंधित दवाईयां एवं टीके निर्यात करने में सफलता हासिल की थी।

विदेशी व्यापार के मामले में चीन, कनाडा एवं मेक्सिको अमेरिका के बहुत महत्वपूर्ण भागीदार हैं। वर्ष 2021-22 के आंकड़ों के अनुसार, उक्त तीनों देश लगभग 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का व्यापार प्रतिवर्ष अमेरिका के साथ करते हैं। इसके बावजूद अमेरिका ने उक्त तीनों के साथ व्यापार युद्ध प्रारम्भ कर दिया है। भारत के साथ अमेरिका का केवल 11,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ही व्यापार था। अब ट्रम्प प्रशासन की अन्य देशों से यह अपेक्षा है कि वे अमेरिकी उत्पादों के आयात पर टैरिफ कम करे अथवा अमेरिका भी इन देशों से हो रहे विभिन्न उत्पादों पर उसी दर से टैरिफ वसूल करेगा, जिस दर पर ये देश अमेरिका से आयातित उत्पादों पर वसूलते हैं। यह सही है कि भारत अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर अधिक टैरिफ लगाता है क्योंकि भारत अपने किसानों और व्यापारियों को बचाना चाहता है। भारत में कृषि क्षेत्र के उत्पादों पर 25 से 100 प्रतिशत तक आयात कर लगाया जाता है जबकि कृषि क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य उत्पादों पर कर की मात्रा बहुत कम हैं। भारत ने विनिर्माण एवं अन्य क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ा ली है परंतु कृषि क्षेत्र में अभी भी अपनी उत्पादकता बढ़ाना है। हाल ही के समय में भारत ने कई उत्पादों के आयात पर टैरिफ की दर घटाई भी है। भारत के साथ दूसरी समस्या यह भी है कि यदि भारत आयातित उत्पादों पर टैरिफ कम करता है तो भारत में इन उत्पादों के आयात बढ़ेंगे और भारत को अधिक अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता पड़ेगी इससे भारतीय रुपये का और अधिक अवमूल्यन होगा तथा भारत में मुद्रा स्फीति का दबाव बढ़ेगा। विदेशी निवेश भी कम होने लगेगा और अंततः भारत में बेरोजगारी बढ़ेगी। भारत में सप्लाई चैन पर दबाव भी बढ़ेगा। इन समस्त समस्याओं का हल है कि भारत अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करे। परंतु, अन्य देश चाहते हैं कि द्विपक्षीय समझौतों में कृषि क्षेत्र को भी शामिल किया जाय, इसका रास्ता आपसी चर्चा में निकाला जा सकता है। अमेरिका एवं ब्रिटेन के साथ भी द्विपक्षीय व्यापार समझौते सम्पन्न करने की चर्चा तेज गति से चल रही है। हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान यह घोषणा की गई थी कि भारत और अमेरिका के बीच विदेशी व्यापार को 50,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष के स्तर पर लाए जाने के प्रयास किए जाएंगे। इस सम्बंध में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर तेजी से काम चल रहा है। दूसरे, अब भारत को उद्योग एवं कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ानी होगी। हर क्षेत्र में लागत कम करनी होगी ताकि भारत में उत्पादित वस्तुएं विश्व के अन्य देशों के साथ प्रतिस्पर्धा में खाड़ी हो सकें। भारत में रिश्वतखोरी की लागत को भी समाप्त करना होगा। भारत में निचले स्तर पर घूसखोरी की लागत बहुत अधिक है। भूमि, पूंजी, श्रम, संगठन एवं तकनीकि की लागत कम करनी होगी। कुल मिलाकर व्यवहार की लागत को भी कम करना होगा। भारतीय उद्योगों को अन्य देशों के उद्योगों के साथ प्रतिस्पर्धी बनाना ही इस समस्या का हल है ताकि भारतीय उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पाद अन्य देशों के साथ विशेष रूप से गुणवत्ता एवं लागत के मामले में प्रतिस्पर्धा कर सकें।

## संपादकीय

# विदेशों में हिन्दू मन्दिरों पर हमले दुर्भाग्यपूर्ण

अ खालिस्तानी अलगाववादियों से जुड़े कुछ अराजक तत्वों ने एक बार फिर अमेरिका में कैलिफोर्निया स्थित स्वामी नारायण मंदिर पर हमला किया है, हिन्दुओं वापिस भारत जाओ जैसे आपत्तिजनक संदेश लिखकर मंदिर को क्षति पहुंचायी गई है। हिन्दू मन्दिरों एवं आस्था पर बार-बार हो रहे ये हमने दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है। आतंक फैलाने की मंशा से मंदिरों पर हमले की ऐसी घटनाओं का बार-बार होते रहना चिन्ता का सबब है। ऐसे पृथकतावादी तत्व हिंदुओं के खिलाफ विषवमन करके अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं एवं दवाब बनाना चाहते हैं। भारतीय सांझा संस्कृति में मिलजुलकर रहने वाले समाजों को विभाजित करके घृणा, नफरत एवं द्वेष उत्पन्न करने वाले तत्वों को न केवल बेनकाब करने की जरूरत है बल्कि उन्हें नेस्तनाबूंद किया जाना चाहिए। बात केवल खालिस्तानी अलगाववादियों की नहीं है, मुस्लिम आतंकवादी भी विभिन्न देशों में हिन्दू धर्म, मन्दिर, आस्था एवं संस्कृति पर ऐसे ही हमले करके दहशत फैला रहे हैं। हिन्दू समुदाय नफरत के खिलाफ मजबूती से खड़ा है, वह कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगा। लेकिन अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा सरकारों द्वारा ऐसे मामलों की अनदेखी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई न करना विडम्बनापूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण है। भारत सरकार को भी कड़े कदम उठाते हुए सख्त संदेश देना चाहिए। अमेरिका के अलग-अलग राज्यों में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाए जाने को खालिस्तान समर्थकों से जोड़कर देखा जा रहा है। दक्षिण कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स इलाके में स्थित मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए अरैर मन्दिर को क्षति पहुंचाई गयी। माना जा रहा है कि खालिस्तान जनमत संग्रह से पहले साजिश के तहत ये हमला किया गया है। कुछ दिन पहले न्यूयार्क में भी स्वामीनारायण मंदिर पर भी हमला हुआ था। 25 सितंबर को कैलिफोर्निया के सेक्रामेंटो स्थित स्वामीनारायण मंदिर को भी निशाना बनाया गया था, तोड़फोड़ की गई और उस पर आपत्तिजनक संदेश भी लिख दिए गए हैं। आपत्तिजनक यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा में सक्रिय ऐसे तत्वों को इन देशों की सरकारों द्वारा राजनीति के चलते खुला समर्थन देना एवं अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर प्रश्रय दिया जाना बर्दाश्त से बाहर होता जा रहा है, कब तक खामोश रहा जाये? कैलिफोर्निया में स्वामीनारायण मंदिर पर हुई घटना से पहले लंदन में विदेश मंत्री एस जयशंकर के गाड़ी के सामने खालिस्तान समर्थकों ने प्रदर्शन किया था, जिसे सामान्य घटना नहीं माना जा सकता। जो खालिस्तान समर्थक विदेश मंत्री के काफिले तक कूद गया, वह सुनियोजित ढंग से हमला भी कर सकता था। निश्चित तौर पर यह ब्रिटिश पुलिस की कोताही एवं लापरवाही है। उस समय खालिस्तानी उग्रवादी ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे' का भी अपमान किया। विडंबना यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा के साथ पाकिस्तान, बांग्लादेश की सरकारें ऐसे हमलों व मंदिरों को अपवित्र करने, उनको नुकसान पहुंचाने, अराजक माहौल खड़ा करने की घटनाओं को अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे में रखकर आंखें मूंद लेती हैं या कुछ देश कट्टरतावाद के चलते उन देशों के अल्पसंख्यक समुदायों पर तरह-तरह के हमले होने देती है। यह विडम्बना ही है कि जब दूसरे देशों में उनके धर्म के लोगों के पूजा स्थलों पर हमले होते हैं तो उसे धार्मिक आजादी व मानवाधिकारों का संकट बताने लगते हैं, फिर हिन्दू मन्दिरों एवं आस्था पर हो रहे ऐसे हमलों को लेकर दोहरी मानसिकता एवं दोहरा मापदण्ड क्यों? क्यों भेदभावपूर्ण मानसिकता है? निश्चित रूप से ऐसे ही रवैये से भारत के साथ इन देशों के संबंधों में खटास आती है। ऐसे ही अलगाववादियों के कृकृत्यों व कनाडा सरकार के अलगाववादियों को संरक्षण देने के चलते ही दोनों देशों के संबंध सबसे खराब दौर में पहुंचे हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों के कारण ही दोनों देशों के संबंध बिगड़ चुके हैं। आतंक से जो जन्मती है, वह संस्कृति नहीं होती है, उसमें पाशविकता होती है, उसमें जानवर विद्यमान होते हैं।


## जीवन मंत्र

# वाणी पर संयम जरूरी है

> कोई कितना भी गुणवान व्यक्ति क्यों न हो, अगर वाणी पर उसका संयम नहीं, तो वह सम्मान से दूर ही रहेगा। याद रहे, सम्मान वही स्थायी होता है, जो श्रद्धा की उपज हो।

कोई कितना भी गुणवान व्यक्ति क्यों न हो, अगर वाणी पर उसका संयम नहीं, तो वह सम्मान से दूर ही रहेगा। याद रहे, सम्मान वही स्थायी होता है, जो श्रद्धा की उपज हो, पद या लोभ जनित सम्मान सिर्फ सामयिक शिष्टाचार होता है। यह एक सच्चाई है कि मधुर बोली-वाणी से आप किसी अनजान व्यक्ति के भी करीब पहुंच जाते हैं, लेकिन निश्छल वाणी की बदौलत एक समय के बाद आप उसके दिलो-दिमाग पर छा पाते हैं। यह निश्छल मधुर वाणी आसानी से हासिल नहीं होती, क्योंकि अपनी इंद्रियों को संयम में रखना आसान नहीं होता। हमारे मनीषियों ने इसके लिए योग, प्राणायाम, ध्यान, एकांत चिंतन जैसे रास्ते सुझाए हैं। वाणी के संयम के लिए मौन को सबसे बड़ी साधना बताया है। गांधी जी कहते थे कि मौन सर्वोत्तम भाषण है। कबीर दास ने तो दो पंक्तियों में जैसे बातचीत का निचोड़ पेश कर दिया है- ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोए। औरन को शीतल करे, आपहुं शीतल होए।

व्यक्ति के सौंदर्य से कई गुना अधिक प्रभाव उसकी वाणी में होता है। क्रूर से क्रूर व्यक्ति को संयमित वाणी से



जीता जा सकता है। मधुर आवाज से ही प्रेम का आगाज होता है। कभी किसी कर्कश के प्रति लोगों का अनुराग उमड़ते देखा है? इसीलिए मुंडेर से कौए उड़ा दिए जाते हैं। मनुष्य अपनी मधुर बोली-वाणी और स्नेहिल आचरण से स्मृतियों में स्थायी जगह बना पाता है, वरना संसार में कोई ऐसी वस्तु नहीं, जो मनुष्य को एक-दूसरे से बांध सके। वाणी एक ऐसा धागा है, जिसमें पूरे समाज को आपस में जोड़ने की अद्भुत शक्ति समाहित है। इसलिए वाणी में संयम की साधना सबको करनी चाहिए।

मनुष्य को अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए। वाणी किसी को राजा बना देती है, तो किसी को रंक। जिसकी जुबान सही नहीं होती है, वह पशुओं के समान होता है।

अगर जीवन को सुखी बनाना है, तो संयमित वाणी बोलना जरूरी है। ऐसा मत बोलो, जिससे किसी के मन को ठेस पहुंचे। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि वाणी के कारण ही महाभारत का युद्ध हुआ था। आज हम देख रहे हैं कि गलत बयानों से राष्ट्रों में विवाद हो रहे हैं। इसी प्रकार समाज व घरों में जुबान के कारण ऐसी घटनाएं हो जाती हैं, जो भुलाए नहीं भूली जातीं। आदमी के शब्दों में इतनी ताकत होती है, कि इसके दम पर दुनिया में अपना नाम कर लेता है। संयमित बोलने पर आदमी को धन-दौलत से नहीं शब्दों से कंजूस होना चाहिए। इसलिए जो भी बोलें बहुत ही सोच समझकर बोलें।

## शख्सियत — इफ्तिखार अली खान पटौदी

# भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी



नवाब इफ्तिखार अली खान पटौदी एकमात्र टेस्ट क्रिकेटर हैं जिन्होंने भारत और इंग्लैंड दोनों देशों के लिए खेला है।इन दोनों देशों के अलावा उन्होंने पटियाला के महाराजा की टीम XI, ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय, दक्षिण पंजाब, पश्चिम भारत और वूस्टरशर (इंग्लैंड) के लिए भी खेला है. 1946 में पटौदी ने भारत के इंग्लैंड टूर की कप्तानी भी की थी।

इफ्तिखार अली खान 16 मार्च 1910 को दिल्ली के पटौदी हाउस में पैदा हुए थे। उनके पिता पटौदी के नवाब मुहम्मद इब्राहिम अली खान थे और मां शाहर बानो बेगम थीं। बहुत ही छोटी उम्र में इफ्तिखार, पटौदी (जो अभी हरियाणा में है) – जो उस समय एक रियासत थी – के नवाब बन गए क्योंकि 1917 में ही उनके पिता का देहांत हो गया था। उन्हें औपचारिक रूप से 1931 में नवाब बनाया गया। खान लाहौर के चीफ्स कॉलेज में गए और उसके बाद पढ़ने के लिए बल्लीओल कॉलेज ऑक्सफ़ोर्ड चले गए।1939 में इफ्तिखार ने साजिदा सुल्तान से शादी की जो भोपाल के आखिरी नवाब की दूसरी पुत्री थीं। इस दम्पती ने मंसूर अली खान पटौदी को जन्म दिया जिन्हें आज क्रिकेट के नवाब के नाम से भी जाना जाता है। नवाब इफ्तिखार अली खान एक राइट हैंडेड बैट्समैन थे जिन्होंने छह टेस्ट मैच (19।90 की औसत के साथ) और 127 फर्स्ट क्लास मैच (48।61) की औसत के साथ खेले। शुरुआती समय में इफ्तिखार अली खान को भारत में स्कूल में ही कोचिंग प्राप्त हुई। उनकी आगे की ट्रेनिंग फिर इंग्लैंड में संपन्न हुई जहाँ उन्होंने 1932-33 की 'बॉडीलाइन' सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम में जगह बनाई। अपने पहले ही टेस्ट मैच में उन्होंने सिडनी के एशेज टेस्ट में शतक जड़ा लेकिन इसके बावजूद वे दूसरे मैच के बाद ही सीरीज से बाहर हो गए। हुआ यूं कि उन्होंने कप्तान डगलस जॉर्डीन की बॉडीलाइन रणनीति पर आपत्ति जताई तो डगलस ने कहा "अच्छा तो यह महाराज ईमानदारी से ऐतराज़ करेंगे"। और इसी के साथ 1934 तक पटौदी सिर्फ इंग्लैंड के काउंटी मैच ही खेल पाए। वूस्टरशर काउंटी के मैचों में बहुत ही बेहतरीन प्रदर्शन दिखाने के बाद 1934 में आखिरकार उन्होंने इंग्लैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट में जगह बनाई जो इंग्लैंड की तरफ से उनकी आखिरी पारी भी थी। 1936 में भारत में होने वाले इंग्लैंड टूर के लिए उन्हें कप्तान चुना गया लेकिन अपने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया। 1946 में तब छतीस वर्षीय पटौदी को भारत के इंग्लैंड टूर का कप्तान चुना गया जो द्वितीय विश्व युद्ध ख़त्म होने के बाद हो रहा था और इंग्लैंड सम्पूर्ण मैच खेलने को तैयार भी था। भारत ने इसमें 29 फर्स्ट क्लास मैच खेले जिसमें उसने 11 जीते, 4 हारे और 14 में ड्रा मिला। पटौदी की इंग्लैंड में परफॉर्मन्स इतनी शानदार नहीं थी, वो भी तब जब उन्होंने 1930 के दशक में इंग्लैंड के लिए क्रिकेट खेला हुआ था। उन्होंने इस टूर में लगभग 1000 रन बनाये, लेकिन टेस्ट मैच में केवल 11 की औसत ही रख पाए, जिसे भारत हार गया। इसके लिए उनकी कप्तानी की खूब आलोचना भी हुई। इसके कुछ ही समय बाद उन्होंने क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया और पांच जनवरी 1952, अपने पुत्र टाइगर पटौदी के जन्मदिवस पर पोलो खेलते समय दिल का दौरा पड़ने की वजह से दम तोड़ दिया। 2007 में मेरिलबोन क्रिकेट क्लब ने भारत और इंग्लैंड के बीच हुए पहले क्रिकेट मैच की 75वीं सालगिरह के उपरांत इफ्तिखार अली खान के नाम पर एक टेस्ट ट्रॉफी की घोषणा की जिसका नाम 'पटौदी ट्रॉफी' रखा गया । यह खास ट्रॉफी भारत और इंग्लैंड के बीच एक टेस्ट सीरीज जीतने वाले को मिलती है। अब तक 4 बार हुए इस ट्रॉफी टेस्ट में भारत सिर्फ एक ही बार जीत दर्ज करा पाया है।

## जीवन ऊर्जा — बिपिन लक्ष्मण सिंह रावत :जन्म 16 मार्च 1958 — जन्म

> बिपिन लक्ष्मण सिंह रावत का जन्म 16 मार्च 1958 को उत्तर प्रदेश के गढ़वाल जिले के पौड़ी उत्तराखण्ड में हुआ। इनका परिवार कई पीढ़ियों से भारतीय सेना में सेवा दे रहा था। जनरल बिपिनसिंह रावत भारत के पहले रक्षा प्रमुख या चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) थे; उन्होंने ने 1 जनवरी 2020 को रक्षा प्रमुख के पद का भार ग्रहण किया। बिपिन रावत अपने गृहनगर के बहुत करीब थे और वह अक्सर अपने व्यस्त जीवन के दौरान भी अपने पैतृक गांव का दौरा करते थे। सीडीएस जनरल बिपिन रावत का 8 दिसंबर 2021 को तमिलनाडु के कुन्नूर में हेलिकॉप्टर हादसे में निधन हो गया।

# जिनके हौसले बुलंद होते हैं वही कठिन परिस्थितियों का सामना कर पाते हैं

बिना मजबूत इच्छाशक्ति के कुछ प्राप्त नहीं होता कुछ प्राप्त करना है तो इच्छा शक्ति को मजबूत करो। आपका अनुशासन और व्यवहार कुशलता ही आपको वह सम्मान दिलाती है जिसको पाने के लिए करोड़ों दिन रात संघर्ष करते हैं। किसी दुष्कर कार्य को करने से पूर्व आत्मविश्वास से भरपूर होना अति आवश्यक है। किसी चुनौती को स्वीकार करने से पूर्व एक बार सोच लें फिर वह चुनौती कर्तव्य बन जाता है। जीवन हर पल हर समय संघर्ष से परिपूर्ण है हमें अपने जीवन को सफल बनाने पर ध्यान देना चाहिए। परिस्थितियां जितनी विपरीत होंगी जीत उतना ही शानदार होगा।बार-बार की असफलता के पीछे एक शानदार सफलता इंतजार करती है बस असफलता से घबराए नहीं। हर एक जवान को यह स्मरण रहना चाहिए आप जिस कार्य



को करने जा रहे हैं आपको इन पांच शब्दों को याद रखना चाहिए नाम, नमक, निशान, वफादारी और इज्जत। इन्ही पांच शब्दों पर फौज की नींव रखी जाती है। राह में कितनी ही कठिनाइयां मिले राह कभी मत छोड़ना इसी राह पर चलकर आपको आपकी मंजिल मिलेगी। जीवन एक चुनौती है और इसे स्वीकार करना हर उस व्यक्ति को चाहिए जो ऊंची महत्वाकांक्षा रखता है। लक्ष्य को पाने के लिए हठ/दृढ़ निश्चय का विश्वास अति आवश्यक है, हर एक दिल में इस हठ को बसाना होगा। स्वयं से प्यार करने से पूर्व देश से प्यार करें यह आपका स्वाभिमान है जिसे सदैव ऊंचा रखना चाहिए। स्वयं पर विश्वास करें, और इस विश्वास के साथ अपने लक्ष्य की और निडरता के साथ बढ़ते जाएं। आशावादी व्यक्ति ही किसी युद्ध को जीत पाता है, यही युद्ध भूमि में संजीवनी है अगर भारतीय सेना में आना है तो आपको कठिनाइयों का सामना करने की काबिलियत आना चाहिए। आपकी काबिलियत मानसिक और शारीरिक क्षमताओं पर निर्भर करती है। कठिन से कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए आपकी शारीरिक क्षमता होनी चाहिए जहां रास्ता नहीं निकलता वहां आपकी काबिलियत कार्य करती हैं।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# सांसारिक दृष्टि से मृत्यु जीवन का एक यथार्थ है

सनातन की दृष्टि में मृत्यु नवजीवन में प्रवेश का एक द्वार है
और भारतवर्ष के ज्ञानीजनों के लिए मृत्यु का कोई अर्थ ही नहीं है वहां तो जीवनमृत्यु से परे मोक्ष की अवधारणा है यदि मृत्यु होती भी है तो शरीर की होती है ये वस्त्र



बदलने की तरह नव जीवन देती है
इसके लिए इस संसार के बंधन को मोहमाया समझकर छोड़ना आवश्यक है जब दोबारा जन्म होगा तो उसी आत्मा को नया शरीर मिलेगा
हम एक प्रकार से परमात्मा के सान्निध्य मेंपरमात्मा के सायुज्य में सदैव जीवित रहेंगे
लेकिन कबीर साहबकहते हैं कि संसार मरनाजीता रहेगाकिन्तु मैं कभी नहीं मरूँगाक्योंकि मुझे तो सदैव जीवित रखने वाला परमात्मा ही मिल गया है
हम न मरैं मरिहै संसारा ।
मोकहँ मिला जियावनहारा।
यह भारतीय दृष्टि है।
श्रीमद्भागवत गीता
न जायते म्रियते वा कदाचिन्न
अर्थात
मनुष्य शरीर है ही नहीँ आत्मा है
शरीर मरता है आत्मा अमर है
मैं ऐसी ही अमर मृत्यु मरना चाहता हूँ
जो सिर्फ आत्म ज्ञान से ही सम्भव है



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

### भोगा ना भुक्त्वावयमेवभुक्त्वा

हमारा जीवन भोगमय नहीं योगमय
होना चाहिए सफलता अकेले नहीं
आती वह अपने साथ अभिमान को
भी लेकर आती है और यही अभिमान
हमारे दुःखों का कारण बन जाता है
असफलता भी अकेले नहीं आती
वह भी अपने साथ निराशा को लेकर
आती है और निराशा स्वयं प्रगति पथ
में एक बड़ी बाधा है अपने जीवन को
योगी बनाकर जियें या भोगी बनाकर
जियें ये व्यक्ति के स्वयं के ऊपर निर्भर है
दुःख कटुवचन और अपमान सहने की
क्षमता का विकास तथा सुख प्रशंसा और
सम्मान पचाने की सामर्थ्य ही गृहस्थ धर्म
का योग भी है। प्रत्येक स्थिति का
मुस्कराकर सामना करने की क्षमता
किसी भी स्थिति को अच्छी या बुरी न
कहकर समभाव में रहते हुए अपने
कर्तव्य पथ पर निरंतर आगे बढ़ने का
कौशल यही जीवन का योग है योगमय
जीवन ही महायोगी महादेव अथवा
योगेश्वर शिव तक पहुँचाता है

## अपने विचार

वे लोग डरपोक थे जो पाकिस्तान चले गए। ये जियालों की औलाद हैं और भारत को ही अपना वतन मानते हैं। आखिर अपने ही देश में मुसलमानों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार क्यों किया जा रहा है।



**असदुद्दीन ओवैसी,AIMIM प्रमुख**

हमारे बेंगलुरू के विधायक हमें ब्लैकमेल कर रहे हैं। मैं उनका नाम नहीं लेना चाहता। मैं आपको सच्चाई बता रहा हूं।वे विकास निधि के रूप में 800 करोड़ रुपये चाहते हैं। मैं यहां उनका नाम नहीं ले सकता।



**डी के शिवकुमार, डिप्टी सीएम, कर्नाटक**

वे हिन्दी का विरोध करते हैं लेकिन पैसे कमाने के लिए अपनी फिल्मों को हिंदी में डब करने की अनुमति दे देते हैं। मुझे समझ में नहीं आता कि आखिर ऐसा क्यों हैं?



**पवन कल्याण, डिप्टी सीएम, आन्ध्रप्रदेश**

बहुजन समाज के लोगों का कल्याण बसपा सरकार के समय ही हुआ। इस समाज के लोगों को अपने वोटों की ताकत को समझना होगा। अपने उद्धार के लिए उन्हें सत्ता की चाबी अपने हाथ में लेनी होगी। कांशीराम जी के लिए बहुजनों की यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



**मायावती, बसपा सुप्रीमो**

### अपने विचार
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िमेदार)।

# पनवेल-कर्जत लोकल रेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट फास्ट ट्रैक पर

### रेल पैनल्स की पहली खेप परियोजना स्थल पर पहुंची

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई-एमएमआर के उपनगरीय रेल नेटवर्क के विस्तार के तहत पनवेल-कर्जत लोकल रेल कॉरिडोर परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। इस बहुद्देश्यीय प्रोजेक्ट के लिए शनिवार को एक अहम प्रगति हुई जब विशेष रूप से तैयार किए गए रेल पैनल्स की पहली खेप (ईयूआर—इंड अनलोडिंग रेक) परियोजना स्थल पर पहुंची। प्रत्येक 260 मीटर लंबे और 60 किलो प्रति मीटर वजन वाले इन रेल पैनल्स को सेल (स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया) द्वारा निर्मित किया गया है।

### 70% अर्थवर्क पूरा, जल्द मिलेगा नया लोकल कॉरिडोर

मुंबई रेल विकास कॉर्पोरेशन (MRVC) के सीपीआरओ सुनील उदासी के अनुसार, मुंबई शहरी परिवहन परियोजना-3 के तहत इस डबल ट्रैक लोकल रेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट का 70% कार्य पूरा हो चुका है। इस परियोजना में मुंबई लोकल कॉरिडोर की सबसे लंबी सुरंग भी शामिल है, जिससे एमएमआर की कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार होगा।



### 3100 मीटर लंबी सुरंगों का निर्माण प्रगति पर

इस परियोजना के तहत अब तक 3,100 मीटर लंबी सुरंगों की खुदाई पूरी हो चुकी है। इनमें से 2625 मीटर लंबी वावरली सुरंग का भूमिगत कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा, 300 मीटर लंबी किरावली सुरंग और 219 मीटर लंबी नढाल सुरंग का निर्माण कार्य भी तेज गति से चल रहा है।

### स्मार्ट सुविधाओं से लैस होगा ट्रैक और सुरंगें

इस परियोजना में अत्याधुनिक न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग विधि का उपयोग किया गया है। सुरंगों के भीतर गिट्टी रहित ट्रैक लगाया जाएगा, जिससे संचालन में सुधार होगा। साथ ही, पब्लिक रिफ्यूज एरिया, सुरंग नियंत्रण प्रणाली, प्रकाश व्यवस्था और वेंटिलेशन सिस्टम जैसी आधुनिक सुविधाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है।

### महोपे-चिखले के बीच ट्रैक बिछाने का कार्य शुरू

इस हैवी ड्यूटी रेल पैनल को महोपे और चिखले स्टेशन के बीच 7.8 किमी तक बिछाया जाएगा। इसके पूरा होते ही कर्जत और चौक स्टेशनों के बीच रेल ट्रैक बिछाने का काम भी जल्द शुरू होगा।

### पनवेल-कर्जत लोकल कॉरिडोर: 29.6 किमी लंबा मार्ग

मध्य रेलवे के हार्बर लाइन पर पनवेल और मेन लाइन पर कर्जत को जोड़ने वाला यह लोकल मार्ग 29.6 किमी लंबा होगा। 2,782 करोड़ की लागत से बनने वाला यह प्रोजेक्ट पनवेल, खालापुर और कर्जत से होकर गुजरेगा। इसे दिसंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस कॉरिडोर पर पनवेल, चिखले, महोपे, चौक और कर्जत—ये 5 स्टेशन उन्नत चरण में हैं। कुल 47 ब्रिज में से 29 छोटे और 6 बड़े ब्रिज का निर्माण पूरा हो चुका है। महोपे और किरावली के बीच 4 आरओबी (रेल ओवर ब्रिज) भी तैयार हो चुके हैं। पुणे एक्सप्रेसवे पर अंडरपास का कार्य तेज गति से जारी है, जबकि गर्डर लॉन्चिंग भी हो चुकी है।

### घटेगी दूरी, बचेगा समय

MRVC के प्रवक्ता सुनील उदासी के अनुसार, यह प्रोजेक्ट स्टेट-ऑफ-द-आर्ट स्टेशनों, ब्रिजों, सुरंगों और फ्लाईओवर से सुसज्जित होगा। इसके पूरा होने पर मुंबई से कर्जत के बीच यात्रा का समय 30-35 मिनट तक घट जाएगा और यात्रियों को वैकल्पिक तेज रेल संपर्क उपलब्ध होगा।

# करोड़ों रुपए ड्रग्स के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

### विरार-पश्चिम में एंटी नारकोटिक्स सेल की छापेमारी

डीबीडी संवाददाता | विरार

होली के दिन एंटी नारकोटिक्स सेल (मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विरार-पश्चिम इलाके से तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 1 करोड़ 8 लाख 10 हजार रुपये मूल्य की हेरोइन और अन्य सामग्री जब्त की है। तीनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत बोलिंज पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

### ड्रग्स बेचने की फिराक में थे आरोपी

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ये तस्कर हेरोइन बेचने की योजना बना रहे थे, लेकिन गश्त कर रही टीम ने समय रहते इन्हें दबोच लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।



### क्राइम ब्रांच की गश्त के दौरान पकड़े गए तस्कर

यह पूरी कार्रवाई क्राइम डीसीपी अविनाश अंबुरे और एसीपी मदन बल्लाल के मार्गदर्शन में एंटी नारकोटिक्स सेल के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सचिन कांबले की अगुवाई में की गई। 14 मार्च को विरार-नालासोपारा लिंक रोड, म्हाडा कॉलोनी के पास पुलिस की टीम गश्त कर रही थी, तभी तीन संदिग्धों को रोका गया। तलाशी लेने पर उनके पास से भारी मात्रा में हेरोइन बरामद हुई।

### तीन आरोपियों से करोड़ों की हेरोइन जब्त

पहले आरोपी के पास से 107.3 ग्राम हेरोइन जब्त की गई, जिसकी कीमत 42.80 लाख रुपये है। दूसरे 42 वर्षीय आरोपी के पास से 104.3 ग्राम हेरोइन, जिसकी कीमत 41.60 लाख रुपये आंकी गई। तीसरे 24 वर्षीय आरोपी के पास से 55.5 ग्राम हेरोइन, जिसकी बाजार कीमत 22 लाख रुपये है। इसके अलावा महंगे मोबाइल फोन और एक दोपहिया वाहन भी जब्त किया गया है।

# उल्हासनगर में छात्रों के लिए आरोग्य जांच शिविर का आयोजन

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक मनीषा आव्हाले के मार्गदर्शन में, सहायक आयुक्त (शिक्षण) मयूरी कदम, शिक्षण विभाग की प्रशासन अधिकारी कुंदा पंडित, और आरोग्य अधिकारी मोहिनी धर्मा के सहयोग से छात्रों के लिए विशेष आरोग्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस आरोग्य शिविर में कक्षा पहली से सातवीं तक के 234 विद्यार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न स्वास्थ्य जांच सुविधाओं का लाभ उठाया।

### आरोग्य विशेषज्ञों की टीम ने किया स्वास्थ्य परीक्षण



इस शिविर में प्रभाग समिति-3 की आरोग्य टीम विद्यालय में पहुंची और विद्यार्थियों के विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किए। उल्हासनगर मध्यवर्ती रुग्णालय की मनोचिकित्सक वर्षा दवानी ने विशेष रूप से छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य की जांच की। डॉ. गायकवाड, डॉ. शुभम, डॉ. हर्षदा और उनकी नर्सिंग टीम ने विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य का परीक्षण किया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मुलानी और दंत चिकित्सक डॉ. प्रिया मिश्रा को भी शिविर में आमंत्रित किया गया, जिन्होंने छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।


# उल्हासनगर मनपा ने शुरू किया वालधुनी नदी स्वच्छता अभियान

### 8 वर्षों में 6000 डंपर कचरा हटाया

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

शहर से होकर बहने वाली प्रदूषित वालधुनी नदी को साफ करने के लिए उल्हासनगर नगर निगम (उमनपा) ने विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया है। यह अभियान उल्हासनगर स्टेशन के पास से शुरू हुआ और वडोलगांव, अशोकनगर, उल्हास स्टेशन पुल, गौशाला, वडोलगांव पुल और हिराघाट तक नदी से कचरा निकालने का कार्य किया जा रहा है।

### लगातार चलाई जा रही है स्वच्छता अभियान



उल्हासनगर मनपा प्रशासन द्वारा पिछले 8 वर्षों से लगातार इस स्वच्छता अभियान को चलाया जा रहा है। इस दौरान करीब 6000 डंपर कचरा नदी से निकाला गया है, जिससे नदी की स्थिति में सुधार हुआ है। स्वच्छता अभियान के कारण केमिकल और सिवेज की बदबू में कमी आएगी। बारिश के दौरान घरों में पानी घुसने की समस्या भी कम हो सकती है। आसपास के नागरिकों को बदबू और गंदगी से राहत मिलेगी। उल्हासनगर मनपा आरोग्य और स्वच्छता विभाग इस अभियान को प्राथमिकता दे रहा है। आगामी मानसून के पहले यह सफाई अभियान पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है ताकि बाढ़ और जलभराव की समस्या को कम किया जा सके।

### सड़क परियोजना से विस्थापित 91 झुग्गीवासियों को सौंपी गई नए घरों की चाबियां

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उत्तर मुंबई के बोरीवली पश्चिम में एक सड़क परियोजना के कारण विस्थापित हुए 91 झुग्गीवासियों को नए घरों की चाबियां सौंपी। इस अवसर पर पीयूष गोयल ने कहा कि झुग्गी पुनर्वास प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जाना चाहिए, ताकि पात्र झुग्गीवासियों को उसी इलाके में नए घर मिल सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध कब्जों को रोका जाए और स्थानीय निवासियों को अनुचित तरीके से विस्थापित न किया जाए। पात्र झुग्गीवासियों को उनके मूल क्षेत्र में ही पुनर्वास मिलना चाहिए। झुग्गी पुनर्वास प्रक्रिया को तेजी से और पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाए। किसी भी बाहरी व्यक्ति को अवैध रूप से क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। नगर निकाय अधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों और हरित क्षेत्रों पर अवैध कब्जा रोकने के निर्देश। किसी भी कदाचार के लिए नगर निकाय अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। इस सड़क परियोजना के कारण कुल 224 परिवार प्रभावित हुए थे। इनमें से 133 परिवारों को पहले ही नए घर मिल चुके हैं। अब 91 और झुग्गीवासियों को नए घरों की चाबियां दी गईं।

# 17 मार्च को विहिप-बजरंग दल का राज्यव्यापी प्रदर्शन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

विश्व हिंदू परिषद (VHP) और बजरंग दल ने 17 मार्च को राज्यव्यापी प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। यह प्रदर्शन औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर किया जाएगा। प्रदर्शन के तहत हर जिले में जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन होगा, जहां प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह जानकारी विहिप-बजरंग दल के महाराष्ट्र-गोवा क्षेत्र के समन्वयक विवेक कुलकर्णी ने दी। इस दौरान जिला सहमंत्री शरदराव नागरकर भी मौजूद रहे।

### औरंगजेब के स्मारकों को हटाने की मांग




विवेक कुलकर्णी ने बताया कि औरंगजेब का मकबरा छत्रपति संभाजीनगर जिले के खुल्ताबाद में स्थित है। उन्होंने यह भी बताया कि औरंगजेब की मृत्यु भिंगार के निकट आलमगीर में हुई थी, जहां उसकी स्मृति में एक स्मारक भी बनाया गया है। कुलकर्णी ने कहा कि राज्यभर में जहां-जहां औरंगजेब के स्मारक हैं, उन्हें तत्काल हटाया जाना चाहिए।

### छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर होगा प्रदर्शन

विहिप और बजरंग दल ने घोषणा की कि छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर, 17 मार्च को राज्यभर के सभी तहसीलदार और जिला कलेक्टर कार्यालयों पर प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान सरकार से औरंगजेब की कब्र और अन्य स्मारकों को हटाने की मांग की जाएगी।

# महिला की हत्या का मामला 24 घंटे में सुलझा, पति गिरफ्तार

## क्राइम ब्रांच यूनिट 3 (मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय) की बड़ी सफलता

डीबीडी संवाददाता | विरार

विरार में सिर कटी लाश मिलने के सनसनीखेज मामले को क्राइम ब्रांच यूनिट 3 ने महज 24 घंटे में सुलझा लिया है। पुलिस ने इस जघन्य अपराध में महिला के पति को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने अपने पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी की हत्या कर दी थी। यह पूरी कार्रवाई क्राइम डीसीपी अविनाश अंबुरे और एसीपी मदन बल्लाल के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच यूनिट 3 के पुलिस निरीक्षक शाहूराज रणवरे और सहायक पुलिस निरीक्षक सुहास कांबले की टीम ने की।



### कैसे खुला हत्याकांड का राज?

13 मार्च 2025 को एक अज्ञात महिला की सिर कटी लाश विरार में पीरकुंडा दरगाह के पास झाड़ियों में मिली थी। शव को बोरी और ट्रैवलिंग बैग में भरकर फेंका गया था। पुलिस ने मांडवी पुलिस स्टेशन में IPC की धारा 103 और 238 के तहत मामला दर्ज किया। हत्या के स्थान पर पुलिस को एक पर्स मिला, जिस पर एक ज्वेलरी शॉप का नाम था। जब पुलिस ने ज्वेलरी शॉप के मालिक से संपर्क किया, तो पता चला कि यह पर्स एक महिला का था, जिसका परिवार मुंबई में रह रहा था। परिवार से संपर्क करने पर पता चला कि मृतका का नाम उत्पला हरिश हिप्परगी (51) था, जो नैहाटी, जिला उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल की मूल निवासी थी। वह अपने पति हरीश बरवराज हिप्परगी (49) के साथ रह रही थी, लेकिन पिछले दो महीनों से लापता थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस को पता चला कि मृतका का पति नालासोपारा-पूर्व में इमीटेशन ज्वेलरी का व्यवसाय करता है। जब पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने हत्या की बात कबूल कर ली।

### पति ने क्यों और कैसे की हत्या?

पति-पत्नी के बीच लंबे समय से झगड़ा चल रहा था। 8 जनवरी 2025 की रात दोनों के बीच फिर झगड़ा हुआ और रात 3 बजे पति ने पत्नी का गला घोंटकर हत्या कर दी। आरोपी ने पत्नी का सिर धड़ से अलग किया और झाड़ियों में फेंक दिया। शरीर के बाकी हिस्सों को बोरी में भरकर दूसरी जगह फेंका।

### आगे की कार्रवाई

आरोपी को गिरफ्तार कर मांडवी पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है। मामले की जांच मांडवी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय हजारे कर रहे हैं।क्राइम ब्रांच टीम की तेजी और तकनीकी जांच की सराहना की जा रही है।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** – मेहनत का फल मिलेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। थकान रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। भूमि, आवास की समस्या रह सकती है। आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। संतान से कष्ट रहेगा।

**वृष** – भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। मान बढ़ेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अपनी बुद्धिमत्ता से आप सही निर्णय लेने में सक्षम होंगे। विकास की योजनाएं बनेंगी। निजीजनों में असंतोष हो सकता है।

**मिथुन** – भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न लें। व्यावसायिक चिंता दूर हो सकेगी। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएंगे।

**कर्क** – वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। विवाद न करें। यात्रा में अपनी वस्तुओं को संभालकर रखें। कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें।

**सिंह** – बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय बढ़ेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखते हुए कार्य करना चाहिए। व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें।

**कन्या** – नए अनुबंध होंगे। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। झंझटों में न पड़ें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। कार्य की प्रवृत्ति में यथार्थता व व्यावहारिकता का समावेश आवश्यक है। व्यापार में नई योजनाओं पर कार्य नहीं होंगे।

**तुला** – धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुद्धि एवं तर्क से कार्य में सफलता के योग बनेंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। अतः उसका परित्याग करें।

**वृश्चिक** – समय ठीक नहीं है। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। लेन-देन में सावधानी रखें। विवाद न करें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग आएंगे।

**धनु** – प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय काम बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चिंता रहेगी। जोखिम न उठाएं। संतान से मदद मिलेगी। आर्थिक स्थिति में प्रगति की संभावना है।


**मकर** – संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। समाज में प्रसिद्धि के कारण सम्मान में बढ़ौत्री होगी। आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे।

**कुंभ** – किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। कामकाज में धैर्य रखने से सफलता मिल सकेगी। योजनाएं फलीभूत होंगी

**मीन** – दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। थकान रहेगी। जोखिम न लें। विवाद से बचें। राजकीय सहयोग मिलेगा एवं इस क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे।

# पिता- ननिहाल- ससुराल से धन योग

आज जानिए क्या आपकी कुंडली में है पिता ननिहाल या ससुराल से धन मिलने के विशेष योग । किसी किसी को कम मेहनत में ही काफी कुछ मिल जाता है जो वह चाहता है और कई लोगों को पूरी जिंदगी मेहनत करने के बाद भी कुछ हाथ नहीं लगता। दरअसल यह सब किस्मत का खेल है। व्यक्ति के भाग्य में जो होता है वही उसे मिलता है और इसके लिए जिम्मेदार है उसकी जन्मकुंडली में मौजूद विशेष ग्रह योग।





प्रियंका जैन
9769994439

1-सप्तमेश और धनेश साथ-साथ हों तथा उन पर शुक्र की पूर्ण दृष्टि हो, तो जातक को ससुराल से धन लाभ होता है।

2-तृतीयेश और धनेश की युति नवम स्थान में हो, या भाग्येश और धनेश की युति तीसरे स्थान में हो, तो जातक को भाई के द्वारा धन लाभ होता है।

3-चतुर्थेश तथा सप्तमेश का परिवर्तन योग हो, तो पत्नी, या ससुराल से धन लाभ होता है। भाग्येश का सप्तम स्थान में होना आवश्यक है।

4-पंचमेश और धनेश की युति पंचम स्थान में हो, या पंचमेश पर धनेश की दृष्टि हो, या दोनों उच्च के, स्वग्रही हों, तो पुत्र से धन लाभ होता है।

5- दशम स्थान में सूर्य-शुक्र, या सूर्य-राहु की युति हो, दशमेश चतुर्थ स्थान में हो, तो जातक को पिता के द्वारा धन की प्राप्ति होती है। चौथे स्थान में चंद्र-शुक्र की युति हो, चतुर्थ स्थान बलवान हो, तो जातक माता के द्वारा धन प्राप्त करता है।

6-जातक का जन्म लग्न कन्या हो और अष्टम स्थान में बुध, चंद्र तथा शनि की युति हो एवं सप्तम स्थान में शुक्र हो, तो जातक वर्ग को ससुराल से धन लाभ होता है।

7- षष्ठेश की शुभ ग्रह के साथ युति हो, धनेश और भाग्येश की छठे स्थान में युति हो, तो जातक को ननिहाल से धन लाभ होता है।

8-जातक का जन्म लग्न मिथुन हो एवं द्वितीयेश उच्च स्थान में हो, तो जातक को पैतृक धन-संपत्ति की प्राप्ति होती है।

9-सप्तमेश शुक्र राशि में हो, या सप्तमेश और शुक्र की युति हो तथा सप्तमेश एवं भाग्येश का किसी प्रकार का शुभ संबंध हो, तो जातक को ससुराल से प्रचुर धन-संपत्ति की प्राप्ति होती है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## डबल मर्डर : पत्थर से कूचकर हत्या की आशंका



रांची। झारखंड की राजधानी रांची में होली के त्योहार के बीच 2 शव मिलने से सनसनी फैल गयी है। दोनों की पत्थर से कूचकर हत्या की आशंका जतायी जा रही है। ये दोनों शव अलग-अलग इलाकों से मिले हैं। शनिवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि चुटिया थाना क्षेत्र के बनस तालाब के पास एक शव मिला। दूसरा शव शुक्रवार की शाम कोतवाली थाना क्षेत्र में किशोरगंज चौक और बड़ा तालाब के बीच एक टेंट हाउस के पास से बरामद हुआ।


## शारदा नदी में नाव पलटी

### 3 लोगों की मौत, 12 को बचाया गया



**सीतापुर।** जिले के तंबौर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को होली के बाद नहाने गए एक युवक की डूबने से हुई मौत के बाद गई थी। आज जब अंतिम संस्कार के लिए नदी के रास्ते शव ले जाया जा रहा था, तभी नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे किशोरी समेत 3 लोगो की डूबकर मौत हो गई, वहीं अन्य कई लोग लापता हैं। हादसे की जानकारी लगते ही गांव में सन्नाटा पसरा है। स्थानीय लोग व गोताखोर लापता लोगों की नदी में लपाता लोगों की तलाश कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार होली के दिन रंग खेल कर नदी में स्नान कर रहे रतनगंज के बच्चों के साथ दिनेश (26) पुत्र नागेश्वर डूब गया था। जिसका शव मिलने के बाद रिश्तेदारों को सूचना दी गई थी। दिनेश के अंतिम संस्कार में शनिवार को पहुंचे रिश्तेदारों को बताया गया कि दिनेश का अंतिम संस्कार शारदा नदी के उस पार हो रहा है। इस पर नाव में सवार होकर 16 लोग नदी के उस पार जा रहे थे, तभी अनियंत्रित होकर शारदा नदी में पलट गई। नाव के पलटते ही चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोग तुरंत नदी में कूदकर कर लोगों को निकालना शुरू किया। ग्राम रायपुर थाना खैरीघाट बहराइच निवासी रिश्तेदार संजय गुप्ता (32), खुशबू (30), रतनगंज निवासी कुमकुम (14) पानी से निकालकर सीएचसी भेजा गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, जबकि नदी से निकाले गए बहराइच के खैरीघाट ग्राम रायपुर निवासी बन्दना (32), उसका एक वर्षीय पुत्र सार्थक, कृष्णा (3) तथा खीरी जनपद के थाना खमरिया निवासी मोनू (18), ओमकार (20), बिधि (5), भानू (32) व लक्ष्मी देवी को सीएचसी भेजा गया, जिनका वहां इलाज चल रहा है।

## यूपी में अब बिजली का लोड बढ़वाने के लिए नहीं करनी होगी दौड़-भाग



**लखनऊ।** प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए भार वृद्धि की प्रक्रिया अब ऑनलाइन होगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने आदेश जारी कर दिया है। लोड बढ़ाने के लिए उपभोक्ता को www luppcl lorg पर उपलब्ध लोड परिवर्तन अनुरोध के लिंक पर जाकर अप्लाई करना पड़ेगा। इस लिंक पर उपभोक्ता सेवाओं के लिए पोर्टल उपलब्ध है। इस संबंध में निदेशक वाणिज्य निधि कुमार नारंग की तरफ से विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के पूर्वांचल, मध्यांचल, दक्षिणांचल पश्चिमांचल के प्रबंध निदेशकों को पत्र भेज दिया गया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन अध्यक्ष डॉ। आशीष गोयल का कहना है कि लोड बढ़ाने की प्रक्रिया को ऑनलाइन करने से उपभोक्ताओं को कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे। अपना लोड बढ़ाने की सुविधा ऑनलाइन उपलब्ध हो जाएगी। साथ ही समयबद्धता एवं सुचिता भी सुनिश्चित हो सकेगी। इस संबंध में नवंबर 2024 में ही ऑनलाइन विधि के लिए एसओपी विभाग की तरफ से जारी कर दी गई थी।

# जल्द ही शुरू होगा बिहार का चौथा एयरपोर्ट

### झारखंड और बंगाल के लोगों को भी मिलेगा फायदा

**पूर्णिया।** पूर्णिया एयरपोर्ट के रूप में बिहार को जल्द ही उसका चौथा एयरपोर्ट मिलने जा रहा है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक पूर्णिया एयरपोर्ट का काम तेजी से चल रहा है और जुलाई से पहले इसका काम पूरा कर लिया जाएगा। वही इस एयरपोर्ट के बनने के बाद इसका लाभ न सिर्फ सीमांचल क्षेत्र के लोगों को होगी। बल्कि झारखंड और पश्चिम बंगाल के साथ ही इसका लाभ नेपाल के लोगों को भी होगी। बता दें कि बिहार में फिलहाल पटना, गया और दरभंगा में ही हवाई सेवा की सुविधा है।

### 33 करोड़ की लागत से बन रहा एयरपोर्ट का टर्मिनल



पूर्व में जारी टेंडर के मुताबिक पूर्णिया एयरपोर्ट पर 45 करोड़ रुपये की लागत से अंतरिम टर्मिनल भवन बनाया जाना है। हालांकि, फरवरी महीने में टेंडर लगभग 33 करोड़ में ही फाइनल हुआ था। टेंडर अलार्ट होने के बाद 3 से 4 महीने में इसके निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। पूर्णिया हवाई अड्डा शुरू होने के बाद यह बिहार का चौथा ऑपरेशनल एयरपोर्ट बन जाएगा। अभी पटना, गया और दरभंगा से विमानों का संचालन हो रहा है।

### बिहार के इन शहरों में भी बनेंगे एयरपोर्ट

पटना के पास बिहटा में नया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाया जा रहा है, पीएम मोदी अगले महीने इसका शिलान्यास कर सकते हैं। इसके अलावा नालंदा के राजगीर, पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल और भागलपुर जिले के सुल्तानगंज में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाने की योजना है। ये तीनों एयरपोर्ट बिल्कुल नए तरीके से विकसित होंगे। इसके अलावा, आने वाले समय में सुपौल के बीरपुर, मधुबनी, सहरसा, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, मुंगेर और पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर में छोटे एयरपोर्ट शुरू किए जाएंगे। यहां से छोटे 19 सीटर वाले विमानों का संचालन किया जा सकेगा।

### डिप्टी सीएम ने विधानसभा में किया था ऐलान

बिहार विधानसभा में 3 मार्च को बजट भाषण के दौरान डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने दावा किया था कि पूर्णिया हवाई अड्डा से अगले तीन महीने में विमान उड़ान भरने लगेंगे। यानी कि जून-जुलाई 2025 से यहां से विमानों का संचालन शुरू होने की संभावना है। हालांकि, अभी पूर्णिया एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन और अन्य सुविधाएं विकसित करने का काम बाकी है।

## झारखंड का तापमान 39 डिग्री के पार

### जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो समेत कई जिलों में चल रही लू

**रांची।** झारखंड का उच्चतम तापमान 39 डिग्री के पार पहुंच गया है। जमशेदपुर, बोकारो और धनबाद समेत कई जगहों पर उष्ण लहर यानी लू चल रही है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने बताया है कि पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, गढ़वा, पलामू और धनबाद जिले में कहीं-कहीं हीट वेव चल रही है। 16 मार्च 2025 को भी इन जिलों में लू का असर देखा जायेगा। मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि इस भीषण गर्मी से लोगों को राहत कब मिलेगी। रांची के मौसम केंद्र के मुताबिक, 19 मार्च को राज्य के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में कहीं-कहीं हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना है।

### 2 दिन में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री की होगी वृद्धि



मौसम विभाग ने बताया है कि 17 मार्च को भी आंशिक बादल छाये रहेंगे। हालांकि, इस दिन मौसम शुष्क रहेगा। 18 मार्च को आसमान साफ रहेगा। मौसम वैज्ञानिक ने बताया है कि अगले दो दिन में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि होगी। इसके बाद अगले 3 दिन तक इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। मौसम विभाग के मुताबिक, पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड का मौसम शुष्क रहा। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 39 ।4 डिग्री सेंटीग्रेड चाईबासा में रिकॉर्ड किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान 15 ।2 डिग्री सेंटीग्रेड खूंटी में दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया है कि 16 और 17 मार्च को राजधानी रांची में आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। हालांकि, दोनों दिन मौसम शुष्क रहेगा ।18 मार्च को आसमान साफ रहेगा।

नाबालिग का यौन शोषण

### उम्रकैद काट रहा आसाराम जोधपुर लौटा



**जोधपुर।** तीन माह से इलाज के लिए अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आया आसाराम शनिवार को जोधपुर लौटा। इंदौर-जोधपुर फ्लाइट से आसाराम के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आए। आसाराम एयरपोर्ट से बाहर निकला, लेकिन हाइकोर्ट के निर्देश के चलते चुप रहा। मीडियाकर्मियों के बात करने की कोशिश पर आसाराम हाथ से इशारा करता रहा। एयरपोर्ट से आसाराम सीधा पाल स्थित अपने आश्रम रवाना हो गया। बताया जा रहा है कि वह एम्स में सेहत की जांच के लिए जोधपुर आया है। यहां बताते चलें कि आसाराम को 14 जनवरी 2025 को अंतरिम जमानत मिली थी। वह 31 मार्च तक अंतरिम जमानत पर है। जमानत के बाद आसाराम कुछ दिन जोधपुर आश्रम में रुका। उसके बाद जोधपुर से बाहर चला गया। अपने अलग—अलग आश्रम में गया। उसके भक्त मिलने पहुंचे। कई जगह प्रवचन दिए, जबकि कोर्ट ने अंतरिम जमानत देने के आदेश में कई शर्तें लगाई थी।

## ईडी की ओर से कोई नोटिस नहीं मिला, बुलावा आएगा तो जरुर जाएंगेः भूपेश बघेल

**दुर्गः** ईडी की कार्रवाई पर सवाल खड़े करते हुए भूपेश बघेल ने केंद्रीय जांच एजेंसी को निशाने पर लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनको और उनके बेटे चैतन्य बघेल को कोई नोटिस ईडी की ओर से नहीं मिला है। जब भी उनकी ओर से कोई नोटिस मिलेगा वो जरुर पूछताछ में शामिल होंगे। बघेल ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय का काम बस मीडिया में सुर्खियां बनाना और निर्दोष लोगों को बदनाम करना है।

### भाजपा मेरे खिलाफ साजिश रच रही है



पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी उनके खिलाफ साजिश रच रही है। सरकार केंद्रीय जांच एजेंसी की मदद से उनकी छवि को खराब करने की कोशिश में जुटी है। बघेल ने कहा कि इसके पहले मुझे कथित सीडी कांड में ट्रैप करने की कोशिश बीजेपी की ओर से की गई। कोर्ट ने सुनवाई के बाद सब दूध का दूध पानी का पानी कर दिया। कोर्ट ने भी इस मामले को खत्म कर दिया है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल का यह बयान उन खबरों के बीच आया है, जिनमें कहा गया है कि उनके बेटे चैतन्य को शनिवार को केंद्रीय एजेंसी के समक्ष अपना बयान दर्ज कराने के लिए पेश होने के लिए बुलाया गया है। सुबह से ही मीडियाकर्मी भिलाई में बघेल के आवास और रायपुर के फायर ब्रिगेड चौक स्थित नेताजी सुभाष स्टेडियम में ईडी कार्यालय के बाहर जमा हो गए थे। ईडी के अनुसार, कथित शराब घोटाला 2019 से 2022 के बीच हुआ था, जब छत्तीसगढ़ में सीएम बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार थी। एजेंसी ने पहले कहा था कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के कारण राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ और शराब सिंडिकेट के लाभार्थियों की जेबों में 2,100 करोड़ रुपये से अधिक की रकम गई।

## उत्तराखंड में फिर आया एवलॉन्च, गंगोत्री नेशनल हाईवे बंद

**उत्तरकाशीः** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में हिमस्खलन (Avalanche) का मामला सामने आया है। हिमस्खलन की वजह से गंगोत्री नेशनल हाईवे भी बंद हो गया है। राहत की बात ये है कि इस हिमस्खलन में किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। हालांकि गंगोत्री नेशनल हाईवे बर्फ से ढक गया है। बता दें कि उत्तराखंड के कई जिलों में देर रात से बारिश और बर्फबारी की दौर जारी है। मैदानी जिलों में जहां बारिश हो रही है, तो वहीं उच्च हिमलायी क्षेत्रों में बर्फबारी देखने को मिल रही है।

## सपा ने मनाई कांशीराम की जयंती

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी ने बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम की जयंती को पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने सभी जिलों में कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया था कि कांशीराम की जयंती व्यापक स्तर पर मनाई जाए। इसी कड़ी में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर कांशीराम को नमन करते हुए सामाजिक न्याय के संकल्प को दोहराया।

## मोहन यादव कैबिनेट के मंत्री की हत्या की वॉर्निंग



**खंडवा :** मध्य प्रदेश की मोहन सरकार में मंत्री विजय शाह को जान से मारने की धमकी दी गई है। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ। कुंवर विजय शाह को लेकर एक युवक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है कि मंत्री विजय शाह की 3 दिन में हत्या कर दी जाएगी। हैरानी की बात ये है कि धमकी देने वाले युवक ने सोशल मीडिया पोस्ट करने के बाद मंत्री के समर्थक को फोन कर धमकाया। हालांकि, पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### 'तीन दिन में तेरा मर्डर हो जाएगा'

पुलिस के मुताबिक इस मामले में आरोपी ग्राम रजूर निवासी मुकेश दरबार है। आरोपी मुकेश ने सबसे पहले अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, ' हरसूज विधायक तेरी मौत तय है। 3 दिन बाद तेरा मर्डर हो जाएगा, बच सकते तो बच।'

### आरोपी मुकेश दरबार गिरफ्तार

मामले की जानकारी लगते ही जिला पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। भारी पुलिस बल के साथ आरोपी मुकेश दरबार के गांव रजूर में पुलिस की टीमें पहुंच गईं और सर्चिंग कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके विरुद्ध हरसूद थाने में गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

### मंत्री की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई

आरोपी मुकेश दरबार का धमकी भरा कॉल उस समय आया है, जब हरसूद से कुछ दूर स्थित मूंदी में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव का दौरा है। ऐसे में प्रशासन भी तुरंत हरकत में आ गया है। बता दें कि मूंदी में आयोजित सीएम को कार्यक्रम में मंत्री शाह भी शामिल होंगे। ऐसे में प्रशासन ने एहतियातन मंत्र विजय शाह और उनके परिवार की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। घटना को लेकर एएसपी राजेश रघुवंशी ने कहा, " जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह को धमकी देने के मामले में आरोपी मुकेश दरबार को गिरफ्तार कर लिया गया है, उससे कड़ी पूछताछ की जा रही है।" डॉ। कुंवर विजय शाह मध्य प्रदेश बीजेपी के कद्दावर नेता माने जाते हैं।

# व्यापार जगत

## 2028 तक भारत बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था: मॉर्गन स्टेनली

**नई दिल्ली।** ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि 2026 तक भारतीय अर्थव्यवस्था पांचवें स्थान से चौथे स्थान पर पहुंच जाएगी।

### ग्लोबल प्रोडक्शन में भारत की हिस्सेदारी बढ़ी




मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की अर्थव्यवस्था ग्लोबल प्रोडक्शन में लगातार बढ़ती हिस्सेदारी, बेहतर नीति (पॉलिसी), इंफ्रास्ट्रक्चर और माइक्रो-इकोनॉमिक स्थिरता के चलते तेज़ी से आगे बढ़ रही है। रिपोर्ट का अनुमान है कि अगले तीन वर्षों में भारत जर्मनी को पीछे छोड़ देगा और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

### 2026 तक 4.70 ट्रिलियन डॉलर और 2028 तक 5.70 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था

रिपोर्ट में बताया गया है कि 2026 तक भारत की अर्थव्यवस्था 4.70 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जिससे भारत चौथे स्थान पर आ जाएगा। इस स्थिति में भारत से आगे सिर्फ अमेरिका, चीन और जर्मनी होंगे। वहीं, 2028 तक भारतीय अर्थव्यवस्था 5.70 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है, जिससे भारत जर्मनी को भी पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।


## टॉप-10 कंपनियों में 5 की वैल्यू 93,358 करोड़ हुई कम

### इंफोसिस टॉप लूजर, मार्केट वैल्यू 44,227 करोड़ गिरी

### ICICI बैंक की 25,459 करोड़ बढ़ी

**मुंबई।** मार्केट वैल्यूएशन के लिहाज से देश की 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से 5 की मार्केट वैल्यू इस हफ्ते के कारोबार में 93,358 करोड़ रुपए कम हुई है। इस दौरान इंफोसिस टॉप लूजर रही। कंपनी का मार्केट कैप 44,227 करोड़ रुपए कम होकर 6.56 लाख करोड़ पर आ गया है। पिछले हफ्ते इसकी वैल्यू 7 लाख करोड़ रुपए थी। इंफोसिस के अलावा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) का 35,801 करोड़, हिंदुस्तान यूनिलीवर (HUL) का 6,567 करोड़, SBI 4,462 करोड़ और रिलायंस का 2,301 करोड़ मार्केट कैप कम हुआ है।

### Icici बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी हुई



हफ्तेभर के कारोबार में ICICI बैंक के शेयरों की सबसे ज्यादा खरीदारी हुई। प्राइवेट सेक्टर बैंक का मार्केट कैप 25,459 करोड़ बढ़कर 8.83 लाख करोड़ पर पहुंच गया। वही, HDFC बैंक की वैल्यू 12,592 करोड़ रुपए बढ़कर 13.05 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई। इसके अलावा ITC, बजाज फाइनेंस और एयरटेल के शेयरों की बिकवाली भी ज्यादा रही।

### इस हफ्ते 504 अंक गिरा शेयर बाजार

गुरुवार (13 मार्च) को सेंसेक्स 200 अंक गिरकर 73,828 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 73 अंक की गिरावट रही, ये 22,397 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 8 में तेजी और 22 में गिरावट रही। स्टेट बैंक, ICICI बैंक और पावरग्रीड के शेयर में तेजी, जबकि टाटा मोटर्स में 2.0%, इंडसइंड बैंक में 1.78% और जोमैटो में 1.34% की गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 12 में तेजी, जबकि 38 में गिरावट रही।

## इस हफ्ते सोना 784 और चांदी 1,598 हुई महंगी

**मुंबई।** इस हफ्ते सोना-चांदी के दाम में तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम पिछले क्लोजिंग यानी 7 मार्च से 784 रुपए बढ़कर 13 मार्च को 86,843 रुपए पर पहुंच गया। गुरुवार (13 मार्च) को सोने ने अपना ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल 1 जनवरी से अब तक 72 दिन में सोने की कीमतें 10,681 रुपए बढ़ी हैं। वहीं, एक किलो चांदी भी हफ्तेभर के कारोबार के बाद 7 मार्च से 1,598 रुपए बढ़कर 98,322 पर पहुंच गई। एक हफ्ते पहले यानी 7 मार्च को इसकी कीमत 96,724 रुपए प्रति किलो थी।

## 20 मार्च को ओपन होगा एरिसइंफ्रा सॉल्यूशंस का IPO

**मुंबई।** एरिसइंफ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी IPO 20 मार्च को ओपन होगा। निवेशक इस इश्यू के लिए 25 मार्च तक बिडिंग कर सकेंगे। 28 मार्च को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल 600 करोड़ जुटाना चाहती है। कंपनी इश्यू में 2,85,71,428 फ्रेश शेयर्स जारी करेगी। इस इश्यू में कंपनी के मौजूदा निवेशक या प्रमोटर ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए एक भी शेयर नहीं बेचेंगे।

## इंडसइंड बैंक के पास पर्याप्त पूंजी : आरबीआई

**नई दिल्ली।** इंडसइंड बैंक में चल रहे संकट के बीच देश के केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एक बयान जारी किया है। इस बयान में रिजर्व बैंक ने कहा है कि इंडसइंड बैंक वित्तीय रूप से स्थिर है और बैंक के पास पर्याप्त मात्रा में पूंजी है, इसलिए जमाकर्ताओं को चिंता करने की जरूरत नहीं है।

### रिजर्व बैंक ने जमाकर्ताओं को किया आश्वस्त



रिजर्व बैंक के बयान में बताया गया कि बैंक के वित्तीय नतीजों की ऑडिटर द्वारा समीक्षा की गई, जिसमें पता चला है कि 31 दिसंबर 2024 को खत्म हुई तिमाही में बैंक के पास पर्याप्त पूंजी है और इसका पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.46 प्रतिशत है, वहीं प्रावधान कवरेज अनुपात 70.20 प्रतिशत है। रिजर्व बैंक के अनुसार, इंडसइंड बैंक का 9 मार्च 2025 तक लिक्विडिटी कवरेज अनुपात 113 प्रतिशत है, जबकि विनियामक नियमों के तहत ये 100 प्रतिशत होना चाहिए।

### क्या है इंडसइंड बैंक का पूरा मामला?

इंडसइंड बैंक के शेयर मंगलवार को 27.06% गिरकर 656.80 रुपये पर गिरकर बंद हुए। इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में गड़बड़ी बताई जा रही है। इससे बैंक का मार्केट कैप 2.35 प्रतिशत कम हो गया।

### सुधारात्मक कदम उठाने के दिए निर्देश

रिजर्व बैंक ने शनिवार को इंडसइंड बैंक के बोर्ड से भी कहा कि वे चालू तिमाही के दौरान बैंक द्वारा घोषित 2,100 करोड़ रुपये की भारी-भरकम अकाउंटिंग विसंगति के खुलासे के बीच सुधारात्मक कार्रवाई पूरी करे। उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह की शुरुआत में, इंडसइंड बैंक ने अकाउंटिंग में गड़बड़ी का खुलासा किया था, जिससे बैंक की नेटवर्थ पर 2.35 प्रतिशत का अनुमानित प्रभाव पड़ा था। इस खुलासे के तुरंत बाद, बैंक के शेयरों में भी भारी गिरावट देखी गई। सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, बैंक ने पहले ही अपने मौजूदा सिस्टम की व्यापक समीक्षा करने और वास्तविक प्रभाव का आकलन करने के लिए एक बाहरी ऑडिट टीम को नियुक्त कर लिया है।

## पॉपकॉर्न के बाद अब डोनट्स पर जीएसटी का खतरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को जीएसटी की अलग-अलग दरें लागू करने को लेकर सरकार पर कटाक्ष किया। पार्टी ने कहा कि पॉपकॉर्न के बाद अब डोनट्स को भी जीएसटी का खतरा है। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने एक्स पर एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि सिंगापुर स्थित चेन 'मैड ओवर डोनट्स' को अपने व्यवसाय को गलत तरीके से वर्गीकृत करने और पांच प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करने के लिए 100 करोड़ रुपये का




कर नोटिस का सामना करना पड़ रहा है। जयराम रमेश ने 'एक्स' पर लिखा, 'पॉपकॉर्न के बाद अब डोनट्स पर भी जीएसटी का असर पड़ रहा है। 'मैड ओवर डोनट्स' को 100 करोड़ का टैक्स नोटिस भेजा गया है। डोनट्स के लिए मशहूर इस ब्रांड पर अपने व्यवसाय का गलत वर्गीकरण करने और डोनट्स पर पांच फीसदी जीएसटी (इसे रेस्टोरेंट सर्विस सेवा बताकर) चुकाने का आरोप है, जबकि बेकरी उत्पादों पर 18% टैक्स लागू होता है। यह मामला अब बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंच चुका है। 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' की हकीकत यही है। इसी वजह से जीएसटी 2.0 की जरूरत और भी ज्यादा हो गई है।' कंपनी ने दावा किया कि यह एक रेस्तरां सेवा है, जबकि बेकरी आइटम पर 18 प्रतिशत कर का भुगतान किया जा रहा है।

## मुंबई के मैदानों से

### घुड़दौड़: रेड बिशप और फिनबोस बेहतर

**मुंबई।** रविवार शाम को महालक्ष्मी रेसकोर्स पर मुंबई घुड़दौड़ सत्र के 17वें दिन जुवेनाईल घोड़ों की दो मिलियन दौड़ें आयोजित की गई हैं। दोनों दौड़े देश के नामी-गिरामी उद्योगपति शॉपूरजी पॉलनजी ग्रुप द्वारा प्रायोजित की जा रही हैं। शॉपूरजी पॉलनजी ब्रीडर्स प्रोड्युस जुवेनाईल कोल्ट्स चैंपियनशिप में रेड बिशप और फोर्ब्स ब्रीडर्स जुवेनाईल फिलीज चैंपियनशिप में फिनबोस बेहतर हैं और उनके जीत की जोरदार संभावना है। दोनों ही घोड़े चैंपियन प्रशिक्षक पेसी द्वारा प्रशिक्षित हैं और दौड़ में उनकी कमान ट्रेवर पटेल के हांथो में है। कुल आठ दौड़ों का कार्यक्रम की पहली दौड़ शाम को चार बजे रखी गई है। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैः 1- विन्डबॉर्न (प्र.), मनोर हॉउस (द्वि.), 2- प्रॉईड्स प्रिंस (प्र.), एर्डाकॉन (द्वि.), 3- सोशल बटरफ्लाई (प्र.), न्यान्जा (द्वि.), 4- रेड बिशप (प्र.), ओलिवर (द्वि.), 5- फिनबोस (प्र.), प्रिस्टाईव ग्लोरी (द्वि.), 6- यू (प्र.), क्रिस्टल क्लीयर (द्वि.), 7- जेन्डेया (प्र.), विन्सेरो (द्वि.), 8- इलोक्वेन्ट (प्र.), टोस्कॉना (द्वि.), दिन का सर्वोत्तमः फिनबोस।

## इंटरनेशनल मास्टर्स लीग

# 1983 के बाद पहली बार फाइनल में भारत और वेस्टइंडीज



### ▶▶ सचिन तेंदुलकर और ब्रायन लारा के बीच 'जंग'

**एजेंसी । रायपुर**

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (IML) के उद्घाटन संस्करण के फाइनल में दो क्रिकेट दिग्गजों के बीच रोमांचक मुकाबले के लिए मंच पूरी तरह से तैयार है। रविवार, 16 मार्च को रायपुर के एसवीएनएस इंटरनेशनल स्टेडियम में क्रिकेट के दो महान खिलाड़ी, सचिन तेंदुलकर और ब्रायन लारा, क्रमशः इंडिया मास्टर्स और वेस्टइंडीज मास्टर्स का नेतृत्व करते हुए खिताब के लिए आमने-सामने होंगे। दोनों टीमों के बीच 1983 के बाद पहली बार किसी फाइनल का मुकाबला होगा। आखिरी बार भारत और कैरिबियाई देश 1983 के विश्वकप फाइनल में भिड़े थे, जब भारत ने पहली बार विश्वकप जीता था। वेस्टइंडीज 1975 से 1983 के बीच तीनों वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचा, इस दौरान खेले गए 17 मैचों में से 15 में जीत हासिल की। उन्होंने 1975 और 1979 में बिना कोई मैच हारे खिताब जीता, लेकिन 1983 में फाइनल सहित दो बार भारत से हार गए। भारत ने लीग मैच और फाइनल दोनों में ही वेस्टइंडीज को शिकस्त दी। अब एक बार फिर 42 साल बाद दोनों टीमें फिर से फाइनल में उतरेंगी।

### शानदार प्रदर्शन के बाद फाइनल में पहुंची इंडिया मास्टर्स

टूर्नामेंट से पहले खिताब की दावेदार मानी जा रही इंडिया मास्टर्स ने IML में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने अपने अभियान की शुरुआत श्रीलंका मास्टर्स के खिलाफ चार रन की रोमांचक जीत के साथ की। इसके बाद इंडिया मास्टर्स ने इंग्लैंड मास्टर्स को नौ विकेट से हराकर धमाकेदार अंदाज में जीत दर्ज की। टीम ने जीत का सिलसिला जारी रखते हुए दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स को आठ विकेट से हराकर लगातार तीन जीत पूरी की। हालांकि, चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स के खिलाफ हार ने उनकी लय को थोड़ा प्रभावित किया।

### वेस्टइंडीज मास्टर्स ने संघर्ष करते हुए बनाई जगह

दूसरी ओर, वेस्टइंडीज मास्टर्स ने भी अपने अभियान की शुरुआत शानदार अंदाज में की। उन्होंने पहले दो मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स और इंग्लैंड मास्टर्स के खिलाफ जीत दर्ज की। हालांकि, इसके बाद टीम को लगातार दो हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंका मास्टर्स और इंडिया मास्टर्स के खिलाफ हार के बावजूद, वेस्टइंडीज मास्टर्स ने अंतिम ग्रुप मैच में दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स को 29 रनों से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। उसके बाद सेमीफाइनल में श्रीलंका मास्टर्स के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में लारा की टीम ने छह रन से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।

### फाइनल का महामुकाबला

इंडिया मास्टर्स और वेस्टइंडीज मास्टर्स के बीच यह खिताबी मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। सचिन तेंदुलकर और ब्रायन लारा जैसे महान खिलाड़ियों की कप्तानी में खेली जा रही यह भिड़ंत क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक यादगार लम्हा होगी। प्रशंसकों को क्रिकेट के स्वर्णिम युग की झलक फिर से देखने को मिलेगी, जब मैदान पर क्रिकेट के दो महारथी अपनी रणनीति और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

## भारतीय फुटबॉल टीम का लक्ष्य मालदीव और बांग्लादेश को हराना: संदेश झिंगन

**एजेंसी । शिलांग**

भारतीय फुटबॉल टीम के अनुभवी डिफेंडर संदेश झिंगन ने शनिवार को कहा कि टीम का लक्ष्य आगामी अंतरराष्ट्रीय मैचों में बिना कोई गोल खाए मालदीव और बांग्लादेश को हराना है। भारत 19 मार्च को मालदीव की मेजबानी करेगा और इसके बाद 25 मार्च को बांग्लादेश के खिलाफ 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर का पहला मुकाबला खेलेगा। दोनों मैच शिलांग के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होंगे। यह पहली बार है जब मेघालय की राजधानी किसी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मुकाबले की मेजबानी कर रही है।



### टीम के लिए अहम मुकाबले


झिंगन ने कहा, "हमारा लक्ष्य बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करना है, ताकि एशियाई कप क्वालीफायर में हमें अच्छी शुरुआत मिले।" उन्होंने आगे कहा, "मुझे लगता है कि मालदीव के खिलाफ मैत्री मैच और 10 दिनों का ट्रेनिंग कैंप हमें अच्छी तैयारी करने में मदद करेगा। हमारा लक्ष्य दोनों मैचों में 'क्लीन शीट' (बिना गोल खाए जीत) रखना है।" इस टूर्नामेंट में भारत के स्टार स्ट्राइकर सुनील छेत्री भी अंतरराष्ट्रीय संन्यास के बाद वापसी कर रहे हैं, जिससे टीम को और मजबूती मिलेगी।

## हैमिल्टन आठवें स्थान पर, नॉरिस को पोल पोजिशन

**मेलबर्न।** लुइस हैमिल्टन ने फॉर्मूला वन में फेरारी की तरफ से पदार्पण करते हुए शनिवार को वर्ष की पहली रेस ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वालीफाइंग में आठवां स्थान हासिल किया जबकि मैक्लारेन के लैंडो नॉरिस पोल पोजिशन हासिल करने में सफल रहे।

फॉर्मूला वन की रविवार की शुरुआती रेस से पहले क्वालीफाइंग सत्र समाप्त होने के तुरंत बाद नॉरिस ने अपने टीम रेडियो पर कहा, साल की शुरुआत करने का यह कोई बुरा तरीका नहीं है, सभी को धन्यवाद। नॉरिस की टीम के साथी और मेलबर्न में जन्मे ऑस्कर पियास्त्री दूसरे स्थान पर रहे।

## एंड्रीवा ने चैंपियन इगा की चुनौती तोड़ी, खिताब के लिए सबालेंका से भिड़ेंगी



- टूर्नामेंट में दस मैच से चला आ रहा स्वियातेक का विजय अभियान रोका

**एजेंसी । इंडियन वेल्स**

रूस की किशोरी मीरा एंड्रीवा ने का शानदार प्रदर्शन इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट में जारी है। उन्होंने शनिवार को यहां सर्द परिस्थितियों में गत चैंपियन और यहां दूसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की इगा स्वियातेक को 7-6 (1), 1-6, 6-3 से हराकर के फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल में उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त बेलारूस की आर्यना सबालेंका होगा।

### सबसे युवा खिलाड़ी

नौवीं वरीयता प्राप्त 17 वर्षीय एंड्रीवा 2001 के बाद इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी है। किम क्लाइस्टर्स भी 2001 में 17 साल की थीं जब वह इंडियन वेल्स के फाइनल में सेरेना विलियम्स से हार गईं थीं। एंड्रीवा तीन साल पहले ही पेशेवर बनी हैं। उसके बाद से वह दो खिताब जीत चुकी हैं। रूस की खिलाड़ी ने पिछले महीने दुबई में अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता था।

### सबालेंका ने कीज का सफर थामा

दूसरी ओर, 26 साल की सबालेंका ने इससे पहले दूसरे सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की अनुभवी खिलाड़ी मेडिसन कीज को 51 मिनट में 6-0, 6-1 से पराजित किया था। सबालेंका ने कीज के पिछले 16 मैच से चले आ रहे विजय अभियान पर रोक लगाकर उनसे ऑस्ट्रेलियन के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया।

## निशानेबाजों ने राष्ट्रीय शिविर में तैयारी शुरू की

**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाजों ने अर्जेंटीना और पेरू में होने वाले विश्व कप के लिए शुक्रवार से डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में तैयारी शुरू कर दी है। इस राष्ट्रीय शिविर में 35 सदयीय टीम में शामिल अधिकतर निशानेबाज अपने कोच के साथ तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग लेने वाली एकमात्र भारतीय निशानेबाज होंगी। निशानेबाजों का पहला बैच 26 मार्च को अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स के लिए रवाना होगा जो इस साल के पहले अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल, पिस्टल, शॉटगन (एक से 11 अप्रैल) चरण का आयोजन स्थल है।

## नेमार विश्व कप क्वालीफायर से बाहर

**रियो डि जिनेरियो।** ब्राजील के स्टार स्ट्राइकर नेमार चोटिल होने के कारण इस महीने कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर मैचों में नहीं खेल पाएंगे। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ के वीडियो में कोच डोरिवल जूनियर ने कहा कि नेमार, गोलकीपर एडर्सन और डिफेंडर डैनिलो विभिन्न कारणों से फिट नहीं हैं। 33 वर्षीय नेमार ने पिछला मैच 2 मार्च को खेला था लेकिन बाईं जांघ में दर्द के कारण उन्हें हटना पड़ा था। नेमार की जगह रियाल मैड्रिड के स्ट्राइकर एंड्रिक को ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में पांचवें स्थान पर मौजूद ब्राजील 20 मार्च को कोलंबिया की मेजबानी करेगा और इसके पांच दिन बाद ब्यूनस आयर्स में तालिका में शीर्ष पर काबिज अर्जेंटीना का सामना करेगा।

## नितिश ने पास किया यो-यो टेस्ट

### ▶▶ आईपीएल के लिए बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने दी हरी झंडी

### ▶▶ आज सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़ने की उम्मीद

**एजेंसी । बेंगलुरु,**

भारतीय ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी ने यो-यो टेस्ट सहित सभी फिटनेस टेस्ट पास कर लिए हैं और आईपीएल 2025 में खेलने के लिए पूरी तरह से फिट हैं। बीसीसीआई के बेंगलुरु सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की मेडिकल टीम ने उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी है। आंध्र के 21 वर्षीय इस क्रिकेटर के रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद टीम से जुड़ने की संभावना है, जो इसी दिन अपने प्री-टूर्नामेंट कैंप की शुरुआत कर रही है। नितीश 23 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले हैदराबाद के पहले मुकाबले के लिए उपलब्ध रहेंगे।



### साइड स्ट्रेन से उबरने के बाद मिली मंजूरी

- नितीश रेड्डी साइड स्ट्रेन की समस्या से पूरी तरह उबर चुके हैं। जनवरी 2025 के बाद से वह कोई मैच नहीं खेल पाए थे। जानकारी के मुताबिक, उन्होंने शनिवार सुबह यो-यो टेस्ट पास किया, जबकि बाकी फिटनेस टेस्ट पहले ही सफलतापूर्वक पास कर चुके थे। टीम फिजियो ने उन्हें खेलने की हरी झंडी दे दी है।

### जनवरी में खेला आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच

- नितीश रेड्डी ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 22 जनवरी को ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहला टी-20 खेला था, लेकिन उस मैच में उन्हें बल्लेबाजी या गेंदबाजी का मौका नहीं मिला। उन्होंने चेन्नई में दूसरे टी-20 से पहले नेट्स पर अभ्यास किया था, लेकिन साइड स्ट्रेन के कारण बाकी सीरीज से बाहर हो गए। इससे पहले, उन्होंने भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था।

## टी-20 सीरीज

### अली आगा को पाक टीम की कमान

क्राइस्टचर्च। पाकिस्तान की टीम पांच टी-20 और तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की सीरीज के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगी। पाकिस्तान ने नवनियुक्त कप्तान सलमान अली आगा की अगुआई में युवा टी-20 टीम चुनी है। चोटिल सैम अयूब और फखर जमां टीम में नहीं हैं। साथ ही तीन अनकैप्ड खिलाड़ियों को मौका दिया गया है।


**टी-20 टीम**

सलमान अली आगा (कप्तान), शादाब खान, अब्दुल समद, अबरार अहमद, हारिस रऊफ, हसन नवाज, जहांदाद खान, खुशदिल शाह, मो. अब्बास अफरीदी, मो. अली, मोहम्मद हारिस, सुफियान मोकिम और उस्मान खान।

# ऋतिक रोशन की 'कृष 4' फिर फंसी

### ▶▶ सिद्धार्थ आनंद ने भी किया फिल्म से किनारा

ऋतिक रोशन एक ओर जहां अपनी फिल्म 'वॉर' के सीक्वल 'वॉर 2' को लेकर चर्चा में हैं, वहीं उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कृष' का चौथा भाग 'कृष 4' भी लंबे समय से सुर्खियां बटोर रहा है। इसकी राह दर्शक बड़ी बेसब्री से देख रहे हैं, लेकिन बार-बार फिल्म का बजट इसके रास्ते में बाधा बन जाता है। अब फिल्म से जुड़ी कुछ ऐसी जानकारियां सामने आई हैं, जिसके बाद एक बार फिर ऋतिक के प्रशंसक मायूस हो जाएंगे। 'कृष 4' पर लंबे समय से अपडेट आ रहे हैं। यह भारतीय सिनेमा की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। राकेश रोशन और उनकी टीम बीते कुछ सालों से फिल्म पर काम कर रही है। बीच में बताया गया कि जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू होगी, लेकिन अब मामला फिर बजट पर आकर फंस गया है। 'कृष 4' का बजट इतना बढ़ गया है कि कोई स्टूडियो फिल्म बनाने को राजी नहीं हो रहा है।



### फिल्म को बनने के लिए चाहिए 700 करोड़

रिपोर्ट के मुताबिक, कृष 4' को करीब 700 करोड़ रुपये के बजट की जरूरत है। कोई भी स्टूडियो इतना पैसा लगाकर जोखिम नहीं उठाना चाहता। ऋतिक के दोस्त और निर्देशक सिद्धार्थ आनंद फिल्म बना रहे थे। ऋतिक ने सिद्धार्थ को ही फिल्म के लिए स्टूडियो ढूंढने की जिम्मेदारी दी थी। हालांकि, स्टूडियो फिल्म को लेकर झिझक रहे हैं। उनका मानना है कि पिछली फिल्म को आए एक दशक से अधिक समय हो चुका है। लिहाजा 'कृष 4' कैसे कामयाब होगी?

### सिद्धार्थ हो गए फिल्म से बाहर

सिद्धार्थ, जो पहले इस फिल्म का निर्माण कर रहे थे, उन्होंने अब इससे कदम पीछे खींच लिए हैं। उनकी कंपनी मारफ्लिक्स 'कृष 4' से अलग हो गई है। ऋतिक और उनके पिता ने एक मीटिंग की है। उन्होंने फैसला किया कि वो देशभर के अलग-अलग स्टूडियोज से बात करेंगे और फिल्म के लिए डील फाइनल करेंगे।अब फिल्मक्राफ्ट एक मेजर स्टूडियो के साथ मिलकर 'कृष 4' को प्रोड्यूस करेगा।

## 'भूत बंगला' में शामिल हुए जिशु सेनगुप्ता

अक्षय कुमार ने अपने जन्मदिन पर हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' की घोषणा करके अपने प्रशंसकों को खुश किया था। अभिनेता ने एक मोशन पोस्टर भी साझा किया था, जिसे दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। फिल्म के कलाकारों में तब्बू के शामिल होने से यह फिल्म और भी ज्यादा खास बन चुकी है। फिल्म से जुड़ी नई जानकारियां सामने रही हैं। वहीं, अब इसमें एक और नए कलाकार की एंट्री हो गई है। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' में अभिनेता जीशु सेनगुप्ता के रूप में नया नाम जुड़ गया है। बालाजी टेलीफिल्म्स ने शनिवार को जीशु सेनगुप्ता के जन्मदिन पर यह घोषणा की। जीशु सेनगुप्ता पहले से ही स्टार-स्टडेड कलाकारों में शामिल हो गए हैं जिनमें अक्षय कुमार, परेश रावल , तब्बू, राजपाल यादव, मिथिला पालकर और वामीका गब्बी शामिल हैं। 'भूत बंगला' शोभा कपूर और एकता कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स और कुमार के अपने प्रोडक्शन हाउस, केप ऑफ गुड फिल्म्स का प्रोडक्शन है। फिल्म का सह-निर्माता फारा शेख और वेदांत बाली हैं। कहानी आकाश ए कौशिक ने लिखी है, जबकि पटकथा रोहन शंकर, अभिलाष नायर और प्रियदर्शन ने तैयार की है। शंकर ने भूत बंगला के लिए संवाद भी लिखे हैं।



## आगे खिसकेगी कार्ति की 'कैथी 2'



लोकेश कनगराज ने बैक-टू-बैक ब्लॉकबस्टर के साथ खुद को तमिल सिनेमा के सबसे अधिक मांग वाले फिल्म निर्माताओं में से एक के रूप में स्थापित किया। उन्होंने अब तक छह फिल्मों का निर्देशन किया है। अब वह अपनी अगली फिल्मों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। लोकेश 'कैथी 2' के निर्माण में व्यस्त थे, लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि इस फिल्म के निर्माण में देरी होगी, क्योंकि लोकेश कनगराज अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कैथी 2' से पहले एक नए प्रोजेक्ट पर नजर गड़ाए हुए हैं।

## भारतीय सिनेमा में क्रिकेटर डेविड वॉर्नर की एंट्री

इसी साल मार्च की शुरुआत में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वॉर्नर के फिल्मी दुनिया में एंट्री को लेकर खबरें आई थीं। वह तेलुगू सिनेमा के जरिए भारतीय सिनेमा में कदम रख रहे हैं। उनकी पहली फिल्म का नाम है 'रॉबिनहुड'। फिल्म के निर्माता रवि शंकर ने हैदराबाद में अपनी फिल्म में डेविड की मौजूदगी पर अपनी मोहर लगाई थी। अब 'रॉबिनहुड' से उनकी पहली झलक सामने आ चुकी है, जिसे देख उनके प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं है। पोस्टर पर फिल्म का नाम और डेविड का स्वागत करते हुए लिखा गया, 'बाउंड्री से बॉक्स ऑफिस तक, भारतीय सिनेमा में डेविड वॉर्नर का स्वागत है।' पोस्टर साझा करते हुए निर्माताओं ने सोशल मीडिय पर लिखा, 'चमकने और मैदान पर अपनी छाप छोड़ने के बाद अब बारी है रुपहले पर्दे पर चमकने की।'बता दें कि इस फिल्म में डेविड का कैमियो होने वाला है और यह




## पर्दे पर बोल्ड सीन्स ना करने की वजह अभिषेक ने की साझा

अभिषेक बच्चन ने एक्टिंग करियर को देखें तो पिछले कुछ सालों में उन्होंने लीक से हटकर फिल्में की हैं। लेकिन इनमें कोई भी ऐसी फिल्म नहीं है, जिसमें वह बोल्ड सीन्स करते दिखे हों। आखिर इस तरह की फिल्मों और सीन्स से अभिषेक बच्चन को क्यों परहेज है? हाल ही में इस विषय को लेकर अभिषेक बच्चन ने खुलकर बात की। हाल ही में एक इंटरव्यू में अभिषेक बच्चन बताते हैं जो कहानियां उनके दिल को छू लेती हैं, वह उनको ही चुनते हैं। बोल्ड सीन्स को लेकर अभिषेक कहते हैं, ' मैं बोल्ड सीन्स में असहज महसूस करता हूं। मुझे फिल्मों में ऐसे सीन्स करना अच्छा नहीं लगता है। जब मैं अकेले में भी कोई शो देखता हूं और उसमें ऐसे सीन्स आते हैं तो मैं उन्हें आगे बढ़ा देता हूं।'



### फिल्मों के चयन का तरीका भी बताया

आगे अभिषेक बच्चन बताते हैं कि वह एक बेटी का पिता हैं। ऐसे में जो फिल्में अपनी बेटी के साथ देख सकते हैं, वैसी ही फिल्मों का चयन करते हैं, उनमें एक्टिंग करते हैं। अभिषेक यह भी बताते हैं कि बेटी को ऐसा नहीं लगना चाहिए कि पापा फिल्मों में ये क्या कर रहे हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### छात्रावास में गांजा मिलने के बाद सियासत गर्म

**तिरुवनंतपुरम।** कोच्चि के एक सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्रावास में दो किलोग्राम गांजा मिलने के बाद सियासत गर्मा गई है। कांग्रेस ने इसके लिए छात्र संगठन स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) को जिम्मेदार ठहराते हुए मुख्यमंत्री पिनरई विजयन पर निशाना साधा है। उधर, सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) ने आरोपों को खारिज करते हुए इसे एसएफआई को खत्म करने का एजेंडा करार दिया है। इस मामले में पुलिस ने दो छात्रों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने शनिवार को आरोप लगाया कि गांजा जब्ती मामले में एसएफआई नेता शामिल थे और वामपंथी संगठन परिसरों में नशीली दवाओं के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। चेन्निथला ने आरोप लगाया कि एसएफआई कॉलेजों और छात्रावासों में व्यापक रूप से नशीली दवाओं की अवैध रूप से आपूर्ति कर रहा है।

### मणिपुर में उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने काकचिंग जिले से एक प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के सदस्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया, प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के कैडर को शुक्रवार को काकचिंग जिले के लांगमेइदोंग मामांग लाइकाई से पकड़ा गया। वहीं, चुराचांदपुर जिले के डांपी रिज इलाके में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए एक अन्य अभियान में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया, जिनमें एक राइफल, एक 'सिंगल-बैरल बंदूक और दो आईईडी शामिल हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, राज्य में लूटे गए, छीने गए या अवैध हथियारों को बरामद करने के लिए पहाड़ी और घाटी जिलों में अभियान चलाया जा रहा है।

### 64 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के 64 सदस्यों ने शनिवार को तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के सीमावर्ती गांवों के एक एरिया कमेटी सदस्य (एसीएम) सहित विभिन्न कैडरों से संबंधित 64 माओवादियों ने नक्सलवाद का रास्ता छोड़ने और अपने परिवारों के साथ शांतिपूर्ण जीवन जीने का फैसला किया है। भद्राद्री कोठागुडेम के पुलिस अधीक्षक बी रोहित राजू ने बताया कि पिछले ढाई महीनों में इन 64 सदस्यों सहित कुल 122 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को एहसास हो गया है कि प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) पुरानी विचारधारा का पालन करती है और उसने आदिवासी लोगों का विश्वास और समर्थन खो दिया है।

# मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने की तैयारी तेज़

## डुप्लीकेट वोटर आईडी पर संसद में मचे बवाल के बाद बड़ा कदम

**एजेंसी । नई दिल्ली**

मतदाता सूची में गड़बड़ी और डुप्लीकेट वोटर कार्ड (ईपीआईसी) के मुद्दे को लेकर उठे सवालों के बीच चुनाव आयोग ने मतदाता पहचान पत्र (Voter ID) को आधार (Aadhaar) से लिंक करने की प्रक्रिया तेज़ कर दी है। इस मुद्दे पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार मंगलवार को केंद्रीय गृह सचिव, विधायी सचिव और यूआईडीएआई (भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) के प्रमुख के साथ चर्चा करेंगे।

### डुप्लीकेट वोटर आईडी पर संसद में मचा था हंगामा

हाल ही में संसद में डुप्लीकेट वोटर कार्ड के मुद्दे पर काफी हंगामा हुआ था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए थे। इस विवाद के बीच चुनाव आयोग ने घोषणा की थी कि अगले तीन महीनों के भीतर डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र की समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।




### कानूनी प्रावधान और आधार से लिंकिंग का प्रस्ताव

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23 (संशोधित 2021) के तहत निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नंबर उपलब्ध कराने का अनुरोध कर सकते हैं। यह कानून मतदाता सूची को आधार डेटाबेस से स्वैच्छिक रूप से जोड़ने की अनुमति देता है। हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया है कि जो मतदाता अपने आधार विवरण को वोटर आईडी से नहीं जोड़ते, उनके नाम मतदाता सूची से नहीं हटाए जाएंगे।

### क्या होगा असर?

मतदाता सूची में फर्जी नामों और डुप्लीकेट वोटर आईडी को हटाने में मदद मिलेगी। चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जा सकेगा। बोगस वोटिंग और चुनावी धांधली को रोकने में अहम कदम साबित हो सकता है।



# उम्मीद से ज्यादा बढ़ा समुद्र में पानी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

धरती का तापमान बढ़ रहा है और इसका सबसे बड़ा असर महासागरों पर दिखने लगा है। नासा की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में समुद्र का जलस्तर उम्मीद से ज्यादा तेजी से बढ़ा, जिससे मुंबई समेत सैकड़ों तटीय शहरों के डूबने का खतरा और गहरा गया है। वैज्ञानिकों ने इसे 'धीमी तबाही करार दिया है, जो आने वाले दशकों में विकराल रूप ले सकती है। नासा ने 2024 में समुद्र के जलस्तर में 0.17 इंच बढ़ोतरी का अनुमान लगाया था, लेकिन असलियत में यह 0.23 इंच तक बढ़ गया। यह अंतर मामूली नहीं है, क्योंकि जलस्तर की इस तेजी का मतलब है कि महासागर अधिक गर्म हो रहे हैं और ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। नासा के वैज्ञानिक जोश विलिस ने चेतावनी देते हुए कहा, हर साल जलस्तर में बदलाव होता है।

### वैज्ञानिक ने इसे धीमी तबाही बताया

#### हालात और बिगड़ेंगे

- रिपोर्ट में कहा गया है, 1993 से अब तक समुद्र का जलस्तर 3.97 इंच बढ़ चुका है। हालात यही रहे तो 2040 तक इसमें 2.75 इंच और बढ़ोतरी हो सकती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह बढ़ोतरी समुद्री तटों और शहरों के लिए खतरनाक साबित होगी।

#### मुंबई समेत कई बड़े शहरों पर खतरा

- रिपोर्ट के अनुसार, अगर यही हालात जारी रहे तो लंदन, वेनिस, नीदरलैंड, बैंकॉक, बसरा और नवी मुंबई जैसे शहरों के बड़े हिस्से समुद्र में समा सकते हैं। अमेरिका में न्यू ऑरलियन्स, गैल्वेस्टन और चार्ल्सटन जैसे इलाके भी डूबने की कगार पर हैं। भारत में मुंबई और अन्य तटीय शहरों पर भी गंभीर संकट मंडरा रहा है।

#### 'नेट जीरो ही एकमात्र उपाय

- यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग के जलवायु वैज्ञानिक प्रोफेसर रिचर्ड एलन ने इस स्थिति को 'धीमी लेकिन तय तबाही करार दिया है। उन्होंने कहा, इस सदी में कई बड़े शहर जलस्तर वृद्धि की चपेट में आ जाएंगे और इसका असर कई सदियों तक रहेगा। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस खतरे को टालने का इकलौता तरीका 'नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन अपनाना है। यदि ग्लोबल वार्मिंग को रोका नहीं गया, तो भविष्य में यह तबाही और भी विकराल हो सकती है।

# तमिलनाडु में दो इलेक्ट्रॉनिक्स क्लस्टर स्थापित होंगे : वैष्णव

### 1,112 करोड़ रुपये में होगी स्थापना

**एजेंसी । चेन्नई**

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को घोषणा की कि तमिलनाडु में 1,112 करोड़ रुपये की लागत से दो नए इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर (EMC) स्थापित किए जाएंगे। यह पहल राज्य में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए की जा रही है। श्रीपेरंबदूर में जेटवर्क इलेक्ट्रॉनिक्स के 7वें विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग बीते दशक में देश का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र बन गया है।



#### नए संयंत्र से उत्पादन और रोजगार को बढ़ावा

श्रीपेरंबदूर में स्थापित नए संयंत्र में 1,000 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। यह संयंत्र आईटी हार्डवेयर सहित विभिन्न उद्योगों के लिए इलेक्ट्रॉनिक घटकों का निर्माण करेगा। इस यूनिट से बने उत्पाद घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात किए जाएंगे।

#### तमिलनाडु बन रहा है इलेक्ट्रॉनिक्स हब

तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर और आसपास के क्षेत्र पहले से ही इलेक्ट्रॉनिक्स और मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित हो रहे हैं। सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए लगातार नई नीतियां और योजनाएं लागू की जा रही हैं। मंत्री के अनुसार, यह निवेश राज्य की औद्योगिक वृद्धि को गति देगा। वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में प्रमुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

# धनखड़ कल से फिर संभालेंगे राज्यसभा की अध्यक्षता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। मुलाकात के बाद रमेश ने उनकी स्वास्थ्य और राज्यसभा की अध्यक्षता को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि धनखड़ 17 मार्च से राज्यसभा की अध्यक्षता फिर से शुरू करने की योजना बना रहे हैं। बता दें कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को हृदय संबंधी समस्याओं के कारण 9 मार्च को दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती किया गया था। हाल ही में उन्हें एम्स से छुट्टी मिल गई और डॉक्टर्स ने उन्हें आराम करने की सलाह दी थी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर कहा कि आज माननीय उपराष्ट्रपति जी से उनके निवास पर मुलाकात हुई। उन्होंने कहा कि यह जानकर खुशी हुई कि वे तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं और आगामी सोमवार, 17 मार्च से राज्यसभा की कार्यवाही की अध्यक्षता पुनः संभालने के लिए तैयार हैं।



# असमिया संगीतकार लक्ष्यीरा दास का निधन

**एजेंसी । गुवाहाटी**

मशहूर असमिया संगीतकार लक्ष्यीरा दास का 94 वर्ष की आयु में शनिवार को निधन हो गया। वर्ष 1948 में पढ़ाई के दौरान ही वह पहली महिला कलाकार थीं, जिन्हें ऑल इंडिया रेडियो से गीतकार, संगीतकार और गायिका के रूप में स्वीकृति मिली थी। उन्होंने 2,000 से ज्यादा गाने लिखे हैं। दास ने 50 से अधिक पुस्तकें भी लिखी हैं, जिनमें कविता, बच्चों की कहानियां, लघु कथाएं, अनुवाद और शिक्षा पर आधारित पुस्तकें शामिल हैं। उन्हें राज्य सरकार और अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों द्वारा कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य के सांस्कृतिक और साहित्यिक परिदृश्य को समृद्ध बनाने में उनके अमूल्य योगदान के लिए उन्हें याद किया जाएगा।



# नरेश बाल्यान के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने के आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली पुलिस को आम आदमी पार्टी नेता नरेश बाल्यान के खिलाफ मकोका के तहत दर्ज मामले में दो अप्रैल तक पूरक आरोपपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने 12 मार्च को विशेष लोक अभियोजक अखंड प्रताप सिंह की याचिका पर पुलिस को 20 दिन की हिरासत प्रदान की। ज्य के विशेष पीपी ने कहा है कि अभियोजन पक्ष सह-आरोपी विजय गहलोत और साहिल के खिलाफ शीघ्र ही पूरक आरोपपत्र दाखिल करेगा।

# कर्नाटक में मुस्लिम कॉन्ट्रैक्टर्स को सरकारी टेंडर्स में 4% रिजर्वेशन



## सिद्धारमैया कैबिनेट से प्रस्ताव पास, कानून इसी सत्र में बदला जाएगा

**एजेंसी । बेंगलूरू**

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार मुस्लिम कॉन्ट्रैक्टर्स को सरकारी टेंडर में 4 प्रतिशत आरक्षण देगी। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को कैबिनेट मीटिंग में कर्नाटक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योर्मेंट (KTPP) एक्ट में बदलाव का प्रस्ताव रखा, जिसे मंजूर कर लिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योर्मेंट (KTPP) एक्ट में बदलाव का बिल विधानसभा के इसी बजट सेशन में लाया जाएगा। विधानसभा से पारित होने के बाद कर्नाटक के सरकारी टेंडर में मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता साफ हो जाएगा। कर्नाटक सरकार के इस फैसले पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा- भाजपा इसके खिलाफ है और हम इसका विरोध करते रहेंगे। सरकारी ठेकों में आरक्षण पूरी तरह से असंवैधानिक है। सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर इसकी अनुमति दी जा सकती है।

### कैबिनेट मीटिंग में पास 4 प्रस्ताव

#### करोड़ रुपए तक के टेंडर पर आरक्षण

7 मार्च को बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा था कि सरकारी विभाग के टेंडर में कैटेगरी-2B मुस्लिमों के लिए आरक्षित की जाएगी। इसका एकमात्र उद्देश्य राज्य के मुस्लिमों को आर्थिक रूप से मजबूत करना है। CM ने कहा कि कर्नाटक सरकार मुस्लिमों के अलावा SC-ST को भी कैटेगरी 1,2A और 2B में आरक्षण का लाभ देगी।

#### लोक सेवा आयोग में सुधार के लिए नई कमेटी बनाई

राज्य सरकार ने कर्नाटक लोक सेवा आयोग (KPSC) में सुधार के लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही KPSC सदस्यों की नियुक्ति के लिए एक सर्च कमेटी बनाने पर भी सहमति बनी है। सरकार के इस कदम का उद्देश्य भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनाना है।

#### ग्राम पंचायत अधिनियम में भी संशोधन

कैबिनेट मीटिंग में कर्नाटक ग्राम स्वराज और पंचायत राज संशोधन विधेयक को भी मंजूरी दी गई। इससे पंचायत व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने की कोशिश की जाएगी। इस संशोधन से ग्रामीण विकास और प्रशासन को मजबूती मिलेगी जिससे स्थानीय निकायों की कार्यक्षमता बढ़ेगी।

#### कृषि और बायोइनोवेशन सेंटर को राहत

बैठक में हेब्बल स्थित कृषि विभाग की 4.24 एकड़ जमीन को इंटरनेशनल फ्लॉवर ऑक्शन बेंगलुरु (IFAB) को दो साल के लिए किराया मुक्त देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। गलुरु बायोइनोवेशन सेंटर में आग लगने की घटना के बाद वहां उपकरणों के पुनर्निर्माण के लिए 96.77 करोड़ की वित्तीय सहायता को भी मंजूरी दी गई।

# इराक में इस्लामिक स्टेट का प्रमुख ढेर



**एजेंसी । बगदाद**

इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने ऐलान किया कि इस्लामिक स्टेट के प्रमुख अब्दल्लाह माकी मोसलेह अल-रिफाई को इराक में एक ऑपरेशन के दौरान ढेर कर दिया गया है। बता दें कि अब्दल्लाह माकी मोसलेह अल-रिफाई को 'अबु खदीजा' के नाम से भी जाना जाता था। इस ऑपरेशन को इराकी राष्ट्रीय खुफिया सेवा और अमेरिकी बलों ने संचालित किया। 'अबु खदीजा' को दुनिया में एक खतरनाक आतंकवादी के रूप में जाना जाता था और वह इराक के लिए लगातार एक बड़ा खतरा बना हुआ था।



आईएसआईएस के भगोड़े कट्टरपंथी को इराक में मार दिया गया। हमारे बहादुर सैनिकों ने इराकी और कुर्दिश सरकार के सहयोग से इस मिशन को अंजाम दिया।
– डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति

# पूर्व सांसद को उनके समाज ने 12 साल के लिए किया बहिष्कृत

## दूसरी जाति की लड़की से शादी करने की मिली सजा

**एजेंसी । नबरंगपुर**

ओडिशा के नबरंगपुर से पूर्व सांसद और बीजेडी नेता प्रदीप माझी को उनकी इंटर कास्ट मैरिज के कारण उनके समुदाय ने 12 सालों के लिए बहिष्कृत कर दिया है। शुक्रवार को अखिल भारतीय आदिवासी भतरा समाज की केंद्रीय समिति ने यह फैसला लिया। इस फैसले के अनुसार, समुदाय के लोग प्रदीप माझी और उनके परिवार द्वारा आयोजित किसी भी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। इसमें शादी, जन्मदिन, पूजा, यहां तक कि अंतिम संस्कार जैसे कार्यक्रम भी शामिल हैं।

समाज के एक पदाधिकारी राम भतरा ने कहा, 'प्रदीप माझी ने गोवा में शादी की, और हमें इसकी



जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स से मिली। आज भतरा समुदाय की बैठक में उन्हें बहिष्कृत करने का निर्णय लिया गया है।' समाज के उपाध्यक्ष गोपाल पुजारी ने कहा, 'प्रदीप माझी के परिवार में पहले भी ऐसा हुआ है।

### क्या है मामला?

पूर्व सांसद प्रदीप माझी ने 12 मार्च को केंद्रपाड़ा जिले की सुश्री संगीता साहू से शादी की। इससे पहले उन्होंने अपनी बहन की शादी एक ब्राह्मण युवक से करवाई थी, जिसे समुदाय ने परंपरा का उल्लंघन माना। लगातार नियमों के खिलाफ जाने के कारण समुदाय ने उन पर यह सख्त कार्रवाई की है। समुदाय का कहना है कि माझी बार-बार परंपराओं को तोड़ रहे हैं, जिससे समाज की संस्कृति और परंपराएं खतरे में पड़ रही हैं।

# सोने की तस्करी में राज्य पुलिस अधिकारी की भूमिका

## डीआरआई ने अदालत में किए सनसनीखेज खुलासे



**एजेंसी । बेंगलूरू**

कर्नाटक पुलिस महानिदेशक (डीपीजी) के रामतंद्र राव की सौतेली बेटी पर लगे अवैध व्यपार करने के आरोप मामले में बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने अदालत में कहा है कि अभिनेत्री रान्या राव के सोने की तस्करी से जुड़े रैकेट में कर्नाटका पुलिस के एक प्रोटोकॉल अधिकारी का इस्तेमाल किया गया था। डीआरआई ने दावा किया कि रान्या ने जनवरी 2023 से अब तक 27 बार दुबई की यात्रा की और उसने हवाला लेनदेन का इस्तेमाल करके भारत से दुबई में धन भेजा है। मामले में डीआरआई ने अपनी दलील में कहा कि रान्या ने सुरक्षा को दरकिनार करने के लिए राज्य पुलिस के प्रोटोकॉल अधिकारी का इस्तेमाल किया। केंद्रीय एजेंसी ने अदालत से यह भी कहा कि रान्या ने जांच में सहयोग नहीं किया और उसके खिलाफ कई गंभीर आरोप हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को प्रभावित कर सकते हैं।

# सुनीता विलियम्स की 19 को हो सकती धरती पर वापसी

**एजेंसी । केप कैनवेरल**

भारतवंशी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर की 19 मार्च को धरती पर वापसी हो सकती है। वे पिछले नौ महीने से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में फंसे हुए हैं। नासा और स्पेसएक्स ने शुक्रवार को क्रू-10 मिशन लॉन्च किया, जो उनकी जगह नए अंतरिक्ष यात्रियों को आईएसएस तक पहुंचाएगा। फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से शुक्रवार रात 7:03 बजे फाल्कन 9 रॉकेट ने क्रू ड्रैगन कैप्सूल के साथ उड़ान भरी। इस मिशन में नासा की ऐनी मैकलेन और निकोल एयर्स, जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा के तकुया ओनिशी और रूस की रोस्कोस्मोस एजेंसी के किरिल पेसकोव शामिल हैं। ये चारों आईएसएस पहुंचेंगे और कुछ दिनों तक समायोजन करने के बाद वहां की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके बाद, मौजूदा क्रू-9 टीम, जिसमें सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर शामिल हैं, 19 मार्च को पृथ्वी पर लौट सकती है। अगर मौसम ठीक रहा तो उन्हें फ्लोरिडा के तट के पास समुद्र में उतारा जाएगा। इससे पहले, क्रू-10 मिशन को 12 मार्च को लॉन्च किया जाना था, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण इसमें देरी हुई।

### एक हफ्ते के लिए गए पर नौ महीने से फंसे

सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर पांच जून को बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल से आईएसएस गए थे। वे सिर्फ एक हफ्ते के लिए भेजे गए थे, लेकिन उनके यान में हीलियम का रिसाव और वेग में कमी आने के कारण वे अब तक अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हुए हैं।



### इन पांच चुनौतियों का सामना किया

- रिसाव : उनके बोइंग स्टारलाइनर यान में गैस का रिसाव हुआ, जिससे प्रणाली प्रभावित हुई।
- वेग में कमी : यान का वेग पर्याप्त नहीं था, जिससे सुरक्षित वापसी मुश्किल हो गई।
- मिशन की अवधि बढ़ी : सिर्फ एक हफ्ते के लिए गए थे, लेकिन नौ महीने से फंसे हुए हैं।
- मानसिक-शारीरिक चुनौती: अनिश्चितता और लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने से मानसिक दबाव बढ़ा।
- सीमित संसाधन: आईएसएस पर रहने की योजना छोटी थी, जिससे संसाधनों का प्रबंधन चुनौतीपूर्ण।